31 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 281

बेंगलुरु से संदिग्ध आतंकी शमा परवीन गिरफ्तार, कोडरमा से जुड़े तार









# रांची से अगवा छात्रा कुजू से मिली, अपराधी गिरफ्तार

- सिरमटोली फ्लाइओवर के पास अपहरण, दो घंटे में कुजू से बरामद
- पुलिस ने बढ़ायी दबिश तो छात्रा को रास्ते में उतारा
- चेकिंग के दौरान रजरप्पा से पकड़े गये सभी

आजाद सिपाही टीम

**रांची/रामगढ़/कुजू/रजरप्पा।** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र से बुधवार सुबह सिरमटोली फ्लाइओवर के पास बिशप वेस्ट-कॉट स्कूल जा रही 10 साल की छात्रा का अपहरण कर लिया गया। रांची से अगवा छात्रा को रामगढ़ पुलिस ने महज दो घंटे के अंदर कुजू से सकुशल बरामद किया है। इस बहादुरी में मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार की अहम भूमिका रही, जिसकी वजह से अगवा छात्रा की जान बच सकी। उधर, रजरप्पा के मारंगमरचा क्षेत्र से अपराधियों को शाम में पकड़ लिया गया। अपहरणकर्ताओं से छूटने के बाद डरी-सहमी छात्रा ने रोते हुए बताया कि अपराधियों ने उसके साथ किसी तरह की मारपीट तो नहीं की, लेकिन आंखों पर पट्टी बांध दिया था। सभी अपराधी आपस में हमें पटना ले जाने की बात कह रहे थे।






## मांडू थाना प्रभारी की बहादुरी से अगवा छात्रा सकुशल बरामद: एसपी

कुजू। एसपी अजय कुमार ने कुजू ओपी परिसर में अगवा छात्रा की सकुशल बरामदगी के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार की बहादुरी का प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सदानंद कुमार की बहादुरी की बदौलत ही अपराधियो के चंगुल से छात्रा को मुक्त कराया गया। इधर, अपहरण मामले को लेकर लेवी व आपसी विवाद को लेकर जांच करने की बात कही। अपराधी हर हाल में पुलिस की गिरफ्त होंगे, जिसके लिए छापामारी जारी है। वहीं, अपहरणकताओं की उम्र करीब 20 से 25 साल के है। पुलिस विभिन्न क्षेत्र के सीसीटीवी को खंगाल रही है। अपराधियों को पकड़ने के लिए छानबीन की जा रही है।

## पुलिस को पीछा करते देख छात्रा को छोड़ भागे

अपहरण को अंजाम देने वाले अपराधी काले रंग के आई20 कार (जेएच01एफयू-6874) में सवार थे। वे मांडू की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में अपराधियों ने देखा कि मांडू पुलिस चेकनाका लगाकर तालाशी ले रही है। पुलिस को देखकर अपराधी कार को पीछे मोड़कर कुजू की ओर भागने लगे। कार को पीछे मोड़ कर जाते देख पुलिस को शक हुआ। मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कार का पीछा किया। अपराधी कार लेकर श्रीराम चौक से कुजू चौक जाने वाले रास्ते में प्रवेश कर गये। पुलिस को पीछे पड़ा देख अपराधी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बच्ची को उतार कर कुजू चौक की ओर फरार हो गये। इसके बाद पीछा कर रहे मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार व कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्ची को सकुशल बरामद कर ओपी ले आये।

## गाड़ी समेत पकड़ाये अपराधी

स्कूली छात्रा का अपहरण करने वाले सभी अपराधी रामगढ़ के गोला से गिरफ्तार हुए हैं। रांची और रामगढ़ पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम सभी अपराधियों को लेकर रांची ले आयी। अपराधियों से पूछताछ के बाद ही पता चल पायेगा कि बच्ची का अपरहण क्यों किया था। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने घटना के बाद 10 जिलों में अलर्ट मैसेज भेजा था। जिसके बाद 90 से अधिक स्थानों पर चेकिंग अभियान शुरू किया गया। नतीजतन अपराधी बच्ची को रामगढ़ जिले के कुज्जू में छोड़कर फरार हो गये। बाद में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी अपराधियों को रजरप्पा के मारंगमरचा में दबोचा।

**नकाबपोश अपराधियों ने किया अपहरण:** जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब आठ बजे कर्बला चौक, रांची निवासी डेली मार्केट फल कारोबारी आफताब आलम की 10 वर्षीय बेटी टोटो से अपने दोस्तों के साथ रांची स्थित बिशप एस्कॉर्ट स्कूल जा रही थी। इसी बीच सिरमटोली फ्लाइओवर पर टोटो के पहुंचते ही पीछे से आ रहे कार पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने टोटो को टक्कर मार कर रोका। इसके बाद छात्रा को हथियार के बल पर कब्जे में कर रिंग रोड होते हुए रामगढ़ की ओर भाग निकले। अपरहण की सूचना मिलते ही परिजनों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी।

**रांची पुलिस ने रामगढ़ एसपी को दी सूचना:** आइजी मनोज कौशिक, रांची डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार को घटना की सूचना दी। जिस पर रामगढ़ एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच 33 पर पड़ने वाले सभी थाना और ओपी के प्रभारियों को बच्ची के अगवा का होने की जानकारी देते हुए अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया।

**अभियान में थे शामिल:** इस अभियान में रांची ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि अख्तर अली, आशीष गौतम समेत रामगढ़ पुलिस शामिल थीं।




# राष्ट्रपति आज आयेंगी झारखंड

- देवघर एम्स और आइआइटी-आइएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी
- रांची में राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी, तीनों शहरों में ट्रैफिक और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही हैं। पहले दिन यानी 31 जुलाई को एम्स, देवघर के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। उसी दिन रांची लौटकर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन 1 अगस्त को धनबाद के आइआइटी-आइएसएम के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। उनके झारखंड दौरे को लेकर पूरा प्रशासनिक महकमा रेस है। तीनों शहरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।




## राष्ट्रपति के आगमन को लेकर विशेष व्यवस्था

राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर दो दिनों के लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। राजभवन से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट तक 84 जगहों पर बैरिकेडिंग की गयी है, जबकि मुख्य सड़क से जुड़ने वाले 76 बाइलेन को बंद कर दिया गया है। वहीं, देवघर और धनबाद में भी राष्ट्रपति के आगमन को लेकर विशेष व्यवस्था की गयी है। रूट डायवर्ट किये गये हैं। ट्राफिकों के आवागमन पर रोक लगायी गयी है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये हैं।

**कोलकाता से पहुंचेंगी देवघर:** राष्ट्रपति गुरुवार को कोलकाता से दोपहर 12.20 बजे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से सड़क मार्ग के जरिये दोपहर करीब 1 बजे एम्स, देवघर पहुंचेंगी। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक का समय लंच के लिए रिजर्व रहेगा। अपराह्न 3 बजे फैकल्टी और 2019 बैच के एमबीबीएस छात्रों के साथ ग्रुप फोटो सेशन होगा। अपराह्न 3.10 बजे एम्स, देवघर में दीक्षांत समारोह का आयोजन शुरू होगा। अपराह्न 3.30 बजे राष्ट्रपति 4 गोल्ड मेडलिस्ट और 5 मेरिटॉरियस छात्रों को सम्मानित करेंगी। शाम 4.30 बजे राष्ट्रपति देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से शाम 5.25 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से शाम 5.55 बजे रांची स्थित राजभवन पहुंचेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी।

**12 बजे दोपहर पहुंचेंगी धनबाद:** राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 9.30 बजे राजभवन से रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। सुबह 10 बजे रांची एयरपोर्ट से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेंगी। पूर्वाह्न 11.40 बजे दुगार्पुर एयरपोर्ट से धनबाद एयरपोर्ट पहुंचेंगी। दोपहर 12 बजे वो धनबाद के आइआइटी-आइएसएम कैंपस पहुंचेंगी। वहां गोल्ड मेडलिस्ट 33 छात्रों, मेंबर्स और सिनेटर्स के साथ फोटो सेशन होगा। इसके बाद अटल कम्यूनिटी इनोवेशन सेंटर के अधीन ट्राइबल महिलाओं द्वारा कम्यूनिटी इनोवेशन से जुड़े एक्जीबिशन का अवलोकन करेंगी। 12.20 बजे से 1.20 बजे तक आइआइटी-आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। 12.40 बजे संस्थान के 10 वर्ष के स्वर्णिम दौर पर आधारित पोस्टल स्टांप राष्ट्रपति जारी करेंगी। शाम 3.10 बजे धनबाद एयरपोर्ट पहुंचकर अपराह्न 3.20 बजे पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर एयरपोर्ट के लिए राष्ट्रपति उड़ान भरेंगी और वहीं से दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जायेंगी।





# लश्कर की मदद के बिना पहलगाम हमला संभव नहीं था

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में फिर खुली पाकिस्तान की पोल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें 26 नागरिक मारे गये थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। हालांकि टीआरएफ बाद में अपनी जिम्मेदारी से मुकर गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेंक्शन्स



मॉनिटरिंग टीम ने अपनी ताजा 36वीं रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले का खुलासा किया है।

रिपोर्ट में माना गया है कि पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) जिम्मेदार है। टीआरएफ ने हमले के बाद दो बार जिम्मेदारी ली। टीआरएफ ने हमले वाले दिन 22 अप्रैल को घटनास्थल की फोटो भी प्रकाशित की थी। अगले दिन फिर से जिम्मेदारी ली, लेकिन 26 अप्रैल को अचानक अपना दावा वापस ले लिया। इसके बाद टीआरएफ ने कोई और बयान नहीं दिया और किसी अन्य संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। संयुक्त राष्ट्र की यह 36वीं रिपोर्ट आतंकी संगठनों आइएसआइएल, अल-कायदा और उनसे जुड़े गुटों पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) की मदद के बिना संभव नहीं था। टीआरएफ और एलइटी के बीच संबंध हैं। जबकि एक अन्य सदस्य देश ने एलइटी को निष्क्रिय बताया और इन दावों को खारिज किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पहलगाम क्षेत्र में हालात बहुत संवेदनशील हैं और आतंकवादी संगठन इस तनाव का फायदा उठाने की फिर कोशिश कर सकते हैं। बताते चलें कि पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसायी थीं। इस दौरान एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की मौत हो गयी थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# ऑपरेशन सिंदूर : पीएम मोदी ने विपक्ष के हर वार को किया नाकाम

## ■ पीएम मोदी ने लोकसभा में लिखी मां भारती की शौर्य गाथा

## ■ एक वाक्य बोल कर ही चलाया ऐसा ब्रह्मास्त्र कि विपक्ष हो गया बेनकाब

**आजाद सिपाही विशेष**

**संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की शौर्यगाथा को जिन अक्षरों में लिखा, उससे न केवल उनकी नेतृत्व क्षमता एक बार फिर प्रमाणित हुई, बल्कि विश्वगुरु बनने की राह पर लगातार आगे बढ़ रहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की इच्छाशक्ति को दुनिया ने देखा-सुना। पीएम मोदी ने अपने संवोधन की शुरुआत में जैसे ही कहा, 'मैं भारत का पक्ष रखने के लिए खड़ा हुआ हूं', पूरे विपक्ष को जैसे सांप सूंघ गया। इन वाक्य ने जैसे ब्रह्मास्त्र का काम किया और भारत की आन-बान-शान को कई गुना बढ़ा दिया। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह कह कर पूरी तरह बेनकाब कर दिया कि जिन्हें भारत का पक्ष नहीं दिखता है, उन्हें आइना दिखाने के लिए खड़ा हुआ हूं। पीएम मोदी के ये शब्द सुनने में बहुत साधारण लगते हैं, लेकिन इसके मायने बहुत गहरे हैं। अपने पूरे भाषण में पीएम मोदी ने केवल मां भारती के उस शौर्य का गुणगान किया और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भारत की स्थापित अवधारणा को पुनर्स्थापित किया। दरअसल पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा को विजयोत्सव से जोड़कर विपक्ष के उन सवालों का जवाब दिया, जिसमें वह पाकिस्तान से संघर्ष विराम को लेकर मोदी सरकार को घेर रहा था। उन्होंने एक बार फिर से जाहिर कर दिया कि वह भारत के प्रतिनिधि हैं और उसी नाते इस ऑपरेशन की जिम्मेदारी-जवाबदेही ले रहे हैं। लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के मायने बहुत गहरे हैं। क्या हैं इस संबोधन का असली मतलब और इसके राजनीतिक संदेश, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में दो दिन तक हुई चर्चा के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जवाब देने के लिए खड़े हुए, तो शायद विपक्ष को भी यह अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि प्रधानमंत्री विपक्ष को इस कदर एक-एक बिंदु पर इतना करारा पलटवार करेंगे। उनके भाषण में तथ्य था, आक्रामकता थी, विपक्ष पर वार था और सेना के शौर्य का गुणगान था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बात की शुरुआत ही विजयोत्सव से की और साफ कहा कि यह विजयोत्सव आतंकियों के हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का है, यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का है, यह विजयोत्सव सेना के शौर्य की विजयगाथा है।

प्रधानमंत्री 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अपनी बात विस्तार से रखते, उससे पहले ही उन्होंने यह बता दिया कि लोकसभा में उनका यह बयान उन लोगों को आइना दिखाने का प्रयास है, जिन्हें भारत का पक्ष नहीं दिखता है। उन्होंने पहलगाम हमले को भारत को हिंसा की आग में झोंकने की सुविचारित प्रयास करार दिया और कहा कि हमले के बाद ही पहलगाम के बाद सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गयी थी। पीएम मोदी का यह बयान राहुल गांधी के उस आरोप का पलटवार था, जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना को खुली छूट नहीं थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेना के शौर्य की पीएम मोदी ने खुल कर सराहना की और कहा कि आतंकियों को ऐसी सजा दी गयी कि आज भी आतंक के उन आकाओं की नींद उड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि हमारी सेना ने 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला निर्धारित लक्ष्य के साथ ले लिया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की हालत को बयां करते हुए कहा कि हमले ने पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डे को धुआं-धुआं कर दिया और पाकिस्तान की परमाणु धमकी को भी झूठा साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि हालत यह है कि आज तक पाकिस्तान के कई एयरबेस आइसीयू में पड़े हैं। पीएम ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया और कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग न चलेगी और न भारत इसके आगे झुकेगा।

प्रधानमंत्री ने एक और बात साफ कर दी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है और अगर पाकिस्तान ने दोबारा दुस्साहस किया, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। विदेश नीति के मसले पर लोकसभा में चर्चा के दौरान तमाम विपक्षी नेताओं ने सवाल किया और पूछा कि आखिरकार संघर्ष विराम किसके दबाव में हुआ। प्रधानमंत्री ने सख्त लहजे में बता दिया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत को ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा था। उन्होंने देश को बताया कि नौ मई को अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन्हें फोन करके बताया था पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। इस पर उन्होंने अमेरिकी उप राष्ट्रपति को साफ कह दिया था कि अगर पाकिस्तान का हमले का इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। उन्होंने अमेरिकी उप राष्ट्रपति को साफ शब्दों में बता दिया कि भारत गोली का जवाब गोले से देगा।



पीएम ने बताया कि कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का दुनिया ने समर्थन किया। उन्होंने बताया कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को कार्रवाई से नहीं रोका। केवल तीन देशों ने पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया था। इस मामले में विरोधियों पर हमला करते हुए पीएम ने कहा कि कुछ लोग सेना के तथ्यों की जगह पाकिस्तान के झूठ को आगे बढ़ाने में लगे हैं।

पहलगाम पर विपक्ष के रुख पर बरसते हुए पीएम ने कहा कि पहलगाम में मारे गये लोगों में भी विपक्ष अपनी राजनीति तलाश रहा था। उन्होंने चेताया कि आप मीडिया में हेडलाइन तो ले सकते हैं, लेकिन देशवासियों के दिलों में जगह नहीं बना सकते। चर्चा के दौरान विपक्ष ने संघर्ष विराम पर सवाल उठाया, तो प्रधानमंत्री ने उसका भी बहुत विस्तार से जवाब दिया और कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के हर कोने में प्रचंड प्रहार किया और हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान को घुटनों पर आने के लिए मजबूर कर दिया। हमला इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने फोन करके कहा, बस करो बहुत मारा, प्लीज हमला रोक दो।

जाहिर सी बात है कि पीएम ने देशवासियों को साफ बता दिया कि सेना के शौर्य के आगे पाकिस्तान कांप गया। कांग्रेस के पी चिदंबरम, प्रणीति शिंदे जैसे नेताओं के बयानों का भी पीएम मोदी ने जिक्र किया और कहा कि देश आत्मनिर्भर हो रहा, लेकिन कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग प्रपंच के प्रवक्ता बन गये हैं और अब कांग्रेस का भरोसा पाकिस्तान के रिमोट कंट्रोल से बनता और बिगड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि देश हैरान है कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीन चिट दे दी है और इनकी ये हिम्मत कि आतंकी पाकिस्तानी थे, इसके सबूत मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम के आतंकी पाकिस्तान से थे। कांग्रेस उस पर सरकार से सबूत मांग रही है और यही सब पाकिस्तान भी मांग रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पहलगाम के गुनहगारों को अंजाम तक पहुंचाया गया है, लेकिन उस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

पुराने उदाहरणों के जरिये प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे मुंबई आतंकी हमले के बाद भी कांग्रेस का पाकिस्तान से प्रेम नहीं रुका और विदेशी दबाव में उस समय की सरकार ने पाकिस्तान से बातचीत शुरू कर दी। पुरानी कांग्रेस सरकारों पर हमला करते हुए पीएम ने कहा कि देश पर पाक प्रायोजित बड़े-बड़े हमले होते थे, लेकिन यूपीए सरकार ने पाकिस्तान को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्ज दिया हुआ था। पाकिस्तान वहां से आतंकियों को भेजता रहा और कांग्रेस यहां अमन की आस के मुशायरे करती रही, लेकिन मोदी सरकार ने पाकिस्तान का 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा हटाया और अटारी बॉर्डर पर ट्रेड बंद किया।

बात निकली तो सिंधु जल समझौते तक गयी, जिसे पीएम मोदी ने भारत की अस्मिता और स्वाभिमान के साथ किया गया बहुत बड़ा धोखा करार दिया। पीएम ने बताया कि कैसे इस समझौते से सिर्फ 20 फीसदी पानी देश को मिला, 80 प्रतिशत पानी उसको दिया, जो भारत को खुलेआम दुश्मन करार देता है, जबकि इस पानी पर देश का हक था। 2014 के बाद देश में आतंकी घटनाओं को भी पीएम मोदी ने आंकड़ों के जरिये रखा और कहा कि अब इसमें काफी कमी आ गयी है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर वार किया, तो नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि दल हित में हमारे मत मिले न मिले, लेकिन देश हित में हमारे मन जरूर मिलने चाहिए।

कुल मिला कर पीएम मोदी ने लोकसभा में जो भाषण दिया, उसने उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति और भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने के उनके संकल्प को ही पुनर्परिभाषित किया, जिसका जवाब लंबे समय तक विपक्ष को देते नहीं बनेगा।

# बेंगलुरु से शमा परवीन गिरफ्तार, कोडरमा से जुड़े तार

## एटीएस का दावा, शमा अलकायदा मॉड्यूल की हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद/कोडरमा।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बेंगलुरु के हेब्बल इलाके से शमा परवीन को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने बुधवार को बताया कि शमा अलकायदा से जुड़े एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा है। खास बात यह है कि शमा परवीन के तार झारखंड के कोडरमा से जुड़ रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर अलकायदा से जुड़ी थीं



एटीएस के डीआइजी सुनील जोशी के मुताबिक परवीन सोशल मीडिया के जरिये अलकायदा से जुड़ी थी। इसे सोशल मीडिया के जरिये युवाओं को भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल करने की जिम्मेदारी दी गयी थी। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है, जिससे नेटवर्क के अन्य सदस्यों और उनकी साजिशों का पता चल सके। बताते चलें कि गुजरात एटीएस ने 23 जुलाई को नोएडा, दिल्ली, यूपी और गुजरात से चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इन्हीं की निशानदेही पर शमा परवीन की गिरफ्तारी हुई है। परवीन की गिरफ्तारी से यह भी संकेत मिला है कि आतंकी संगठन अब महिला स्लीपर सेल को भी सक्रिय कर रहे हैं।

### झारखंड से पहले भी जुड़ते रहे हैं तार

आतंकी संगठनों के नेटवर्क का झारखंड से जुड़ाव कोई नई बात नहीं है। हाल के वर्षों में एक नया और चिंताजनक रुझान सामने आया है, संदिग्ध महिला आतंकियों की संख्या में वृद्धि। बुधवार को गुजरात एटीएस ने बेंगलुरु से जिस 30 वर्षीय संदिग्ध महिला आतंकी शमा परवीन को गिरफ्तार किया, उसके तार झारखंड के कोडरमा जिले से जुड़े हैं। इससे पहले, झारखंड एटीएस ने धनबाद के वासेपुर से शबनम परवीन नाम की एक अन्य संदिग्ध महिला आतंकी को गिरफ्तार किया था, जिसे आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर का प्रमुख हैंडलर माना जा रहा है। इन घटनाओं ने झारखंड में आतंकी गतिविधियों और खासकर महिला संदिग्धों की बढ़ती भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। शमा परवीन की उम्र 30 वर्ष है। वह कोडरमा की रहने वाली है। हालांकि, वह लंबे समय तक हैदराबाद में रही और फिर बेंगलुरु चली गयी। झारखंड एटीएस अब उसके कोडरमा में परिवार, दोस्तों और अन्य संदिग्ध संपर्कों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसका आतंकी नेटवर्क कितना व्यापक है।

# कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस वर्मा को फटकार, कहा

# आपके व्यवहार पर भरोसा नहीं होता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के आचरण पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका व्यवहार भरोसे के लायक नहीं है और पूछा कि अगर उन्हें जांच समिति की प्रक्रिया पर ऐतराज था, तो उन्होंने उसी वक्त उसे चुनौती क्यों नहीं दी। बेंच में शामिल जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह ने कहा कि जस्टिस वर्मा को पहले ही सुप्रीम कोर्ट आना चाहिए था, न कि अब जब जांच समिति ने उन्हें दोषी पाया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि महाभियोग संसद की प्रक्रिया है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा महाभियोग की सिफारिश किया जाना गलत है। दरअसल, जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की गयी है। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है।



# सुरंगों में पानी भर दिया, फंस गये पहलगाम हमले के आतंकवादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले वाले दिन ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गये थे। उन्होंने एक उच्च-स्तरीय बैठक में उसी दिन निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में हमलावर पाकिस्तान नहीं भागने चाहिए। शाह ने सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि आतंकवादी 'वापस पाकिस्तान लौटने में सफल नहीं होने चाहिए।' बस यहीं से आतंकवादियों को हर हालत में भारत में ही घेरने की योजना तैयार कर ली गयी। आखिरकार सोमवार को पहलगाम हमले के तीनों गुनहगार श्रीनगर के पास ऑपरेशन महादेव में ढेर कर दिये गये।

अमित शाह के निर्देश के आधार पर सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे 8 किलोमीटर के रूट की पहचान की, जिसका इस्तेमाल आतंकवादी करते रहे हैं। इसी प्रक्रिया के दौरान उन्हें कुछ गुप्त सुरंगें मिलीं, जिसे सीमापार से आवाजाही के लिए घुसपैठियों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा था। यह पता चलते ही सुरक्षा बलों ने उन सुरगों को पानी से भर दिया। इसका परिणाम ये हुआ कि आतंकवादियों को वापस पाकिस्तान की ओर लौटने का रास्ता ही बंद हो गया।

**तीन महीने से छिपे हुए थे आतंकवादी :** क्योंकि, आतंकवादियों के भागने का रास्ता बंद कर दिया गया था, इसलिए वह पाकिस्तान लौट नहीं पाये। इस बीच सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ एक सघन अभियान छेड़ दिया और आखिकार उन्हें ट्रैक करनें में सफलर रहे और उन्हें सोमवार को श्रीनगर के पास जंगलों में मार गिराया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले को अंजाम देने के बाद तीनों आतंकवादी सुलेमान, अफगानी और जिबरान छिपे हुए थे।



### बैलिस्टिक रिपोर्ट से हुई बुलेट की पुष्टि

बता दें कि मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान लोकसभा में पहलगाम के तीनों गुनहगारों के मारे जाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था, 'संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। मेरे पास बैलिस्टिक रिपोर्ट है। 6 वैज्ञानिकों ने इसे क्रॉस-चेक किया है और वीडियो कॉल पर मुझे इस बात की पुष्टि की है कि पहलगाम में चले बुलेट और इन बंदूकों (आतंकियों के पास से बरामद) से फायर किये गये बुलेट 100 फीसदी मैच कर गये हैं।' पहलगाम हमले में लश्कर के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने बैसरन घाटी में धर्म पूछकर 25 पर्यटकों को मार दिया था। इस आतंकी हमले में एक स्थानीय नागरिक की भी की हत्या कर दी गयी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.5 °C | 23.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.32 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |



## नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

# ऑगस्टे ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सराहना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नयी दिल्ली स्थित झारखंड भवन में विश्व बैंक के भारत स्थित कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर ऑगस्टे तानो कौमे ने झारखंड के आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन उत्थान की प्रमुख योजना (मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना) की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल को राज्य में हो रहे ग्रामीण आर्थिक विकास, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, उत्पादन, कृषि, शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधन में हो रहे कार्य व अन्य विकासात्मक गतिविधियों सहित निवेश की संभावनाओं से अवगत कराया। श्री कौमे और उनकी टीम ने भारत में विश्व बैंक द्वारा समर्थित परियोजनाओं के अनुभव साझा किये और राज्य सरकार को विकास योजनाओं, कार्यक्रम डिजाइनिंग और क्रियान्वयन तंत्र को मजबूत करने में सहयोग देने की इच्छा जतायी, जिससे राज्य के नागरिकों को लाभ मिल सके। मौके पर दोनों पक्षों ने बातचीत को आगे बढ़ाने और रांची में एक संयुक्त चर्चा एवं कार्यशाला आयोजित करने पर सहमति जतायी, जिससे सार्थक सहयोग स्थापित हो सके।





### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आवश्यक कार्य में सफलता, स्वजन-मित्रों की सहयोग से जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी, परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा।

**कन्या** परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# हर साल 300 आदिवासी छात्रों को मुफ्त नीट-जेइइ कोचिंग देगी हेमंत सरकार

**रांची में आवासीय कोचिंग की सुविधा, कल्याण विभाग करेगा चयन, 13 अगस्त तक एजेंसी फाइनल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार राज्य के होनहार आदिवासी छात्र-छात्राओं को डॉक्टर और इंजीनियर बनाने की दिशा में बड़ी पहल करने जा रही है। सरकार की नयी योजना के तहत हर साल 300 मेधावी आदिवासी छात्रों को नीट और जेइइ की मुफ्त आवासीय कोचिंग दी जायेगी। इस योजना के लिए 13 अगस्त तक एजेंसी चयन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि योजना के तहत छात्रों को दो समूहों में कोचिंग दी जायेगी।

11वीं में पढ़ने वाले छात्रों को दो वर्षों की कोचिंग दी जायेगी। इसमें 75 छात्र जेइइ और 75 छात्र नीट की तैयारी करेंगे। 12वीं में अध्ययनरत छात्रों को एक वर्ष की कोचिंग मिलेगी, जिसमें फिर से 75 छात्र जेइइ और 75 छात्र नीट की कोचिंग प्राप्त करेंगे।

**रांची में बनेगा स्थायी भवन :** इस योजना के लिए रांची में स्थायी कोचिंग भवन का निर्माण प्रस्तावित है। जब तक भवन निर्माण नहीं होता, तब तक हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवनों में कोचिंग दी जायेगी। यहीं छात्रों के लिए खाने और रहने की पूरी आवासीय व्यवस्था भी की जायेगी।

**चयन प्रक्रिया होगी मेरिट आधारित :** छात्रों का चयन मेरिट आधारित परीक्षा के माध्यम से होगा। हालांकि, चयन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश अभी तय किये जाने हैं। एजेंसी चयन के बाद विस्तृत प्रक्रिया सार्वजनिक की जायेगी।



### आकांक्षा योजना' को विस्तार देने की तैयारी

गौरतलब है कि झारखंड सरकार द्वारा 2016-17 में शुरू की गयी आकांक्षा योजना के अंतर्गत अब तक सैकड़ों गरीब और मेधावी छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग कोचिंग दी जा चुकी है। वर्तमान में इस योजना के तहत मेडिकल के लिए 75 छात्र, इंजीनियरिंग के लिए 100 छात्र का चयन कर उन्हें मुफ्त आवासीय कोचिंग दी जाती है। यह प्रवेश परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा करायी जाती है और योजना का क्रियान्वयन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा किया जाता है। अब कल्याण विभाग इस योजना को अधिक व्यापक रूप देने जा रहा है, ताकि और अधिक आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके।

# झारखंड धीरे-धीरे बनता जा रहा आतंकी संगठनों की शरणास्थली : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष ने आंतकी गतिविधियों के झारखंड कनेक्शन पर सीएम को निशाने पर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम हेमंत सोरेन को टैग करते हुए लिखा है कि झारखंड धीरे-धीरे आतंकी संगठनों की शरणास्थली बनता जा रहा है। ऐसी घटनाएं पूरे राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। पुलिस को निर्देश देकर राज्य में फल फूल रहे सभी आतंकी नेटवर्क को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दें। बीते वर्षों में रांची, जमशेदपुर, लोहरदगा, हजारीबाग जैसे जिलों से भी आतंकी गतिविधियों और संदिग्ध गिरफ़्तारियों की खबरें आती रही हैं।

**संदिग्ध महिला आतंकी का झारखंड से कनेक्शन चिंताजनक :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) द्वारा हाल ही में बेंगलुरु के हेब्बल इलाके से गिरफ्तार की गयी संदिग्ध महिला आतंकी शमा परवीन का झारखंड के कोडरमा जिले से सीधा संबंध सामने आना बेहद चिंताजनक है। एटीएस की जांच में खुलासा हुआ है कि शमा अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसे खतरनाक आतंकी संगठन से जुड़ी थी और सोशल मीडिया के जरिए आतंकी विचारधारा का प्रचार कर रही थी। गौर करने वाली बात है कि शमा मूल रूप से कोडरमा की रहने वाली है और पिछले कुछ वर्षों में हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु में अपने भाई के साथ रह रही थी। यह गिरफ्तारी झारखंड में पनप रहे आतंकी नेटवर्क की एक और कड़ी को उजागर करती है।

बाबूलाल ने सीएम से कहा है कि ये जानकारी शायद आपतक न पंहुच रही हो या जानबूझकर पंहुचने नहीं दी जा रही हो कि आजकल आपका सीआइडी विभाग कुछ जरूरत से ज्यादा ही सक्रिय है। मेरी सलाह है कि अपने अन्य सूत्रों से भी इस विभाग के कार्यकलापों पर नजर रखिये। इसे एक्सटार्सन और व्यक्तिगत हित साधने का हथियार की तरह इस्तेमाल होने से बचाइये ताकि विभाग की छवि और साख के साथ ही सरकार की प्रतिष्ठा भी बची रहे। आप आंख मूंदे रहेंगे तो कहीं ऐसा न हो कि एक दिन ये आपके लिये जी का जंजाल बन जायें।



### विधानसभा के समक्ष पांच अगस्त को महाधरना देगा मोर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा दो सूत्री मांगों को लेकर पांच अगस्त को विधानसभा के सामने एक दिवसीय महाधरना देगा। महाधरना में राज्य भर के हजारों शिक्षक कर्मचारी भाग लेंगे। मोर्चा की मांगों में 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि के प्रस्ताव को मंत्रीपरिषद में रखना और राज्य कर्मी के कर्ज देने संबंधी कार्मिक विभाग के पत्र पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का कोई कार्रवाई नहीं करना शामिल है। यह निर्णय मोर्चा के अध्यक्ष मंडल की बैठक में बुधवार को लिया गया। बैठक में कुंदन कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फ्जलुल कादरी अहमद, डॉ देवनाथ सिंह, गणेश महतो, नरोत्तम सिंह, रघु विश्वकर्मा,मनीष कुमार, मनोज कुमार, शीतल उरांव, संजय कुमार, पशुपति महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# मॉनसून सत्र : स्पीकर ने दिया निर्देश, सत्र के दौरान सदन में उपस्थित रहें अफसर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से शुरू हो रहा है। इसे लेकर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने बुधवार को अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में सत्र के दौरान सदन के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गयी। सत्र के दौरान विधि-व्यवस्था, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई समेत 29 बिंदुओं पर चर्चा की गयी और अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

**प्रश्नों का जवाब सही समय पर आये :** स्पीकर ने अफसरों को निर्देश दिया कि वे सत्र के दौरान सदन में उपस्थित रहें और सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सही और समय पर उत्तर दें। स्पीकर ने कहा कि प्रश्नों का उत्तर समय पर आना चाहिए और विधेयक भी समय पर विधानसभा सचिवालय पहुंचना चाहिए।



### सत्र में संबंधित अधिकारी सदन में रहें: राधाकृष्ण

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण या किसी भी राजकीय कार्य के दौरान संबंधित अधिकारी सदन की गैलरी में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इससे सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर समय पर और प्रभावी ढंग से दिया जा सकेगा। फसरों को यह भी निर्देश दिया गया है कि मंत्रियों को प्रश्न का उत्तर समय पर मिले, ताकि वे पूरक प्रश्न की तैयारी भी कर सकें। इससे सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी और सदस्यों को आवश्यक जानकारी मिल सकेगी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना दादेल सहित कई विभागों के सचिव मौजूद रहे।

# छात्रा अपहरण : झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने जतायी चिंता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने सिरमटोली फ्लाइओवर के पास से एक निजी स्कूल की छात्रा के दिनदहाड़े अपहरण की घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। वहीं एसोसिएशन ने पुलिस की तत्परता की भी सराहना की है। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि छात्रा उपहरण की यह घटना राजधानी रांची की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है। स्कूल जाने वाली छात्रा का इस तरह अपहरण होना न सिर्फ पुलिस प्रशासन की विफलता दर्शाता है, बल्कि इससे शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर आशंकायें उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि आज अभिभावक यह सोचने को मजबूर हैं कि उनके बच्चे स्कूल सुरक्षित पहुंचेंगे भी या नहीं? यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। अजय राय ने राज्य सरकार और प्रशासन से स्कूल मार्गों पर विशेष पेट्रोलिंग और सीसीटीवी निगरानी को और सुदृढ़ करने की मांग की ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने रांची पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि हर मामले में इसी तरह त्वरित कार्रवाई हो, तो अपराधियों का मनोबल टूटेगा। उन्होंने इस मामले के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की।



# आतंक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बाबूलाल राजनीति कर रहे : विनोद कुमार पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य नेताओं के हालिया बयानों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया है। आतंकी नेटवर्क के झारखंड कनेक्शन के सवाल पर भी झामुमो ने भाजपा को घेरा। पांडेय ने कहा, यह बहुत गंभीर विषय है, लेकिन भाजपा इसे भी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका मान रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय में है। यदि किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता पायी जाती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। लेकिन भाजपा को बताना चाहिए कि वे आतंक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति क्यों कर रहे हैं?

विनोद पांडे ने दो टूक कहा, भाजपा को सलाह दी जाती है कि वह जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाये, न कि सिर्फ झूठ, भय और अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करे। राज्य की जनता सब समझ रही है। भाजपा को करारा जवाब आगे भी मिलता रहेगा।

भाजपा की आदत बन चुकी है हर सरकारी पहल और विकास योजना में साजिश और घोटाले देखने की, क्योंकि खुद उनका इतिहास ऐसे कारनामों से भरा पड़ा है।

बाबूलाल मरांडी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि कानून व्यवस्था का सवाल उठाने से पहले उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हीं के कार्यकाल में नक्सलवाद और संगठित अपराध सबसे अधिक फैला था। वर्तमान सरकार ने सीआइडी और खुफिया एजेंसियों को पूरी स्वतंत्रता दी है, ताकि अपराध, रंगदारी और संगठित नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई हो सके। भाजपा यह बर्दाश्त नहीं कर पा रही कि अब तंत्र उनके इशारों पर नहीं चलता। जांच एजेंसी सीआइडी की सक्रियता से भाजपा की बेचैनी को भला कौन नहीं समझ रहा है।



# जल स्रोतों के संरक्षण और अतिक्रमण हटाने पर हाइकोर्ट गंभीर

**नगर विकास सचिव, जल संसाधन सचिव, रांची डीसी, एडमिनिस्ट्रेटर रांची नगर निगम को किया तलब**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में जल स्रोतों के संरक्षण के संबंध में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। जल स्रोतों के संरक्षण एवं वहां से अतिक्रमण हटाने पर हाइकोर्ट गंभीर है। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 18 अप्रैल 2023 के आदेश के आलोक में लिये गये एक्शन पर राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम से जानकारी मांगी है। कोर्ट ने गुरुवार को नगर विकास सचिव, जल संसाधन सचिव, रांची उपायुक्त, एडमिनिस्ट्रेटर रांची नगर निगम को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने उक्त आदेश में राज्य के सभी जिलों में जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई करने, जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने के बाद वहां फिर से कोई अतिक्रमण न हो इस पर ध्यान रखने, जल स्रोतों ठोस कचरा जाने से रोकने आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिया था। जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर टास्क फोर्स गठित कर उसकी स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी थी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि रांची के बड़ा तालाब की सफाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है। कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम एवं हरमू नदी में अतिक्रमण है। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से खुशबू कटारुका ने पक्ष रखा। जबकि रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पक्ष रखा। खंडपीठ ने राज्य में जल स्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की।




### हाइकोर्ट ने महिला सुरक्षा को लेकर सभी एसपी और डीसी से मांगी रिपोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में महिलाओं और स्कूली बच्चों सहित नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते पुलिस अधीक्षकों (एसपी) और उपायुक्तों (डीसी) को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह की खंडपीठ में बुधवार को जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य के सभी जिले के पुलिस उपाधीक्षकों और उपायुक्तों को नये सिरे से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने सभी जिलों के जिला जजों (जिला न्यायाधीशों) को यह निर्देश दिया है कि वे किशोर गृह (जुवनाइल होम) का निरीक्षण कर अदालत के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रांची उच्च न्यायालय की अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा।

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का **तृतीय (मानसून) सत्र** दिनांक-01.08.2025 (शुक्रवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में **बिना वैध पत्रक के वाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

ह०/-
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 02/25-1818 / वि. स., राँची,
दिनांक : 28.07.2025

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति की 5वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएसएफ मेरु, हजारीबाग में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गयी, जिसमें विधायक समेत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों और अतिथियों ने सम्मिलित होकर मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक और राष्ट्रसेवा की भावना का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में जीवंतता भर दी। बच्चों ने गीत, नृत्य के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शिक्षा की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा आधारित नवाचारों पर केंद्रित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक मॉडल को ध्यानपूर्वक देखा, बच्चों से संवाद किया और उनके वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता की खुले दिल से सराहना की। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय परिसर में पी एम श्री योजना के अंतर्गत बनाए गए शिलापट का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय शिक्षा व्यवस्था को सशक्त, समावेशी और नवोन्मुखी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक ने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों को अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

## जेपीएससी परीक्षा में सफल रहे मनीष को कोडरमा विधायक डॉ नीरा ने दी बधाई



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के सतगावां निवासी मनीष कुमार के झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर विधायक डॉ नीरा यादव ने सम्मानित करते हुए बधाई दी। बुधवार को अपने आवास पर विधायक ने मनीष का मुंह मीठा कराया साथ ही पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि यह सफलता मनीष की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इच्छाशक्ति प्रबल हो, तो सफलता जरूर मिलती है। यह उपलब्धि संपूर्ण समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ नीरा यादव ने मनीष के पिता उमेश सिंह को भी सम्मानपूर्वक धन्यवाद दिया और कहा कि माता-पिता की भूमिका हर बच्चे की सफलता में अहम होती है। इस अवसर अन्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने मनीष को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। विधायक डॉ नीरा यादव ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के होनहार बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता और प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि वे आने वाले समय में कोडरमा जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करें। ज्ञात हो कि साधारण परिवार में जन्मे सेवानिवृत शिक्षक उमेश प्रसाद सिंह के पुत्र मनीष कुमार ने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। जेपीएससी के माध्यम से मनीष का चयन झारखंड जिला श्रम अधीक्षक के तौर पर हुआ है।

## एनजीटी के रोक के बावजूद बालू का उत्खनन जारी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** एनजीटी के रोक के बावजूद भी प्रखंड क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन व भंडारण किया जा रहा है। प्रखंड के दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भोजपुर के समीप अवैध रूप से बालू भण्डारण किये जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग को दिए जाने के बाद मंगलवार की शाम खनन निरीक्षक आदेश कुमार गुप्ता, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने मरकच्चो पुलिस ने साथ उक्त जगह का निरिक्षण किया जहां से पदाधिकारियों ने अवैध रूप से भण्डारण किये गये 1300 घनफुट बालू को जब्त किया है। मामले को लेकर खनन निरीक्षक ने अज्ञात के विरुद्ध मरकच्चो थाना मे प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी अनुसार भोजपुर गांव से मरकच्चो अस्पताल तक पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। उक्त सड़क निर्माण मे बालू आपूर्ति के लिए बालू माफियाओं द्वारा उक्त जगह पर बालू भंडारण किया जा रहा था। हालांकि उक्त जगह पर कौन बालू भंडारण कर रहा था इसका पता नहीं लगने के कारण अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

## तिलोकरी से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम तिलोकरी से हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर यादव, पंसस प्रतिनिधि इंद्रदेव ठाकुर के नेतृत्व में 70 सदस्यीय टीम बोल बम सुल्तानगंज और बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुए। इस दौरान सबसे पहले सभी कांवरिया नजदीकी मंदिर खरियोडीह बाबा धाम में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। तत्पश्चात दुर्गा मंदिर के प्रांगण में माता का आशीर्वाद लेकर ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए बोल बम के लिए रवाना हो गये। मौके पर पिन्टु कुमार पांडेय, दीपक मोदी, अमित मोदी, विक्की सिंह, अजीत पांडेय, मंतोष पांडेय, मनजीत राणा, पिंटू कुमार पांडेय, मितलाल यादव, रामसेवक यादव, युगल पंडित, सुजीत मोदी, पंकज साव, परमेश्वर यादव, शंकर राणा, सचिन यादव, दिलीप राणा, सकलदेव राणा, सूरज राम, जुगल पंडित, फुलगी यादव, मंटू साव, उमेश साव, अशोक यादव, बिकास पांडेय, विक्रम पांडेय, शिवकुमार पांडेय, शंभू पांडेय, रोहित पांडेय सहित कई महिला-पुरुष बाबा धाम के लिए रवाना हुए।

## वेक्टर जनित रोग से संबंधित क्विज की प्रतियोगिता का आयोजन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखरडीहा में वेक्टर जनित रोग से संबंधित जागरूकता सह क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। यह आयोजन एम टी एस प्रदीप रविदास एवं एम पी डब्लू सोनू कुमार के उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में जनित रोग यथा मलेरिया, फ्लेरिया, डेंगू आदि रोगों से बचाव लक्षण और उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

# मांगों को लेकर निकाली जन समर्थन रैली

### झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया से मिला सौंपा ज्ञापन, मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर एंड एम्प्लॉय फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर आंदोलनरत है। आंदोलन के तीसरे चरण में जन समर्थन रैली का आयोजन कर सत्ताधारी दल के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे। इसी कड़ी में झारोटेक के सदस्य बुधवार को झामुमो के जिला कार्यालय पहुंच जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया से मिल ज्ञापन सौंपा और समर्थन मांगा। कार्यक्रम का संचालन झारोटेफ के जिला सचिव किशोरी महतो ने किया। झारोटेफ के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार वर्मा ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर हम सभी आंदोलनरत है। सबसे पहले हमलोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया, उसके बाद बीडीओ सीओ को ज्ञापन सौंपा। आज जन समर्थन रैली की जा रही है। महिला सचिव कुमारी नीलू ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर हमलोग अडिग है और जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती हमलोग शांत बैठने वाले नहीं है। शिक्षक अनिल कुमार ने भी अपनी बाते रखी।

झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि आपकी मांग जायज है। आपकी मांगो को मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाने का काम करूंगा। साथ ही कहा झामुमो का हर कार्यकर्ता आपके साथ है। आप शिक्षा का दीप जलाते है इसलिए आपकी मांग पूरी हो यही मेरी भी इच्छा है। मुख्य मांगो में राजकर्मियों की सेवानिवृत की उम्र 62 वर्ष की जाय। केंद्रीय कर्मियों के भांति राज्यकर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ मिले। शिक्षक संवर्ग को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाये। राज्यकर्मियों को एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने हेतु कदम उठाई जाये। इसके अलावा सात अन्य मांग भी शामिल है। मौके पर झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय नेता सुनील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक राय, सरफराज अहमद, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, इचाक प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, दयानंद मेहता, प्रवक्ता कुणाल यादव, हेमराज मेहता, सुनील पांडे, झारोटेफ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी रामविलास पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मधुसूदन सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह, महिला अध्यक्ष अख्तरी खातून, प्रीति मिश्रा, ज्योत्सना रंजन, पदमा अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, अर्जुन दास, दीपक राणा, संदीप राणा, सुरेश महता, संदीप राणा, सनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# संसद में गूंजा सहारा इंडिया निवेशकों और अभिकर्ताओं का दर्द, सांसद ने उठायी आवाज

### सहारा इंडिया के निवेशकों का लंबित राशि निष्पादन प्रक्रिया हो तेज, ताकि निवेशकों को मिले राहत: मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और देश और अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। अब तक उन्होंने 14 प्रश्न संसद पटल पर रखे हैं। बुधवार को उन्होंने देश के एक गंभीर और ज्वलंत मुद्दे सहारा इंडिया के करोड़ों निवेशकों की लंबित भुगतान का मुद्दा प्रखरता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा सहारा इंडिया के पैसे जब्त करने की सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए सरकार से आग्रह किया कि लंबित राशि के निपटान प्रक्रिया में तेजी लायी जाये, ताकि निवेशकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल से सहारा इंडिया के निवेशकों और उनके अभिकर्ताओं के दर्द को बयां किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों निवेशक जिनमें गरीब, मजदूर और किसान वर्ग के लोग शामिल हैं, जिन्होंने अपनी छोटी-छोटी बचत सहारा इंडिया में निवेश की थी। उनका उद्देश्य था कि जरूरत पड़ने पर वे इस बचत का उपयोग कर सकें, चाहे वह बच्चों की शिक्षा हो, शादी-ब्याह हो या घर बनाने का सपना हो उसे साकार कर सकें । उन्होंने बताया कि करोड़ों निवेशकों के साथ लाखों अभिकर्ता भी हैं, जो अब भी लोगों को यह दिलासा दे रहे हैं कि वे उनका पैसा वापस दिलवायेंगे, जबकि लोग उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से इस मामले में शीघ्र और प्रभावी कदम उठाते हुए लंबित राशि की भुगतान ने तेजी लाने का आग्रह किया, ताकि निवेशकों और अभिकर्ताओं को इस गंभीर समस्या से मुक्ति मिल सके और उन्हें तत्काल राहत हो सके।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर कमेटी का गठन



**करेडारी (आजाद सिपाही)।** सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से नमो फूटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ आगामी 12 अगस्त से होगा। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड स्तर पर एक कमिटी का भी गठन किया गया है। इस कमिटी में नरेश महतो को अध्यक्ष, नारायण यादव उपाध्यक्ष, प्रकाश कुमार गुप्ता को सचिव व बहादुर राम को कोषाध्यक्ष का दाइत्व सौंपा गया है। जबकि संरक्षक मंडल में भाजपा नेता कर्मचारी साव, उपेंद्र सिंह, प्रीतम साहू, महेन्द्र सिंह, बालगोविन्द सोनी, राजेंद्र सिंह, रामचरित्र महतो, पंकज साहब व कंचन यादव का नाम शामिल है। इस टूर्नामेंट में पांच सौ रुपए इंट्री फीस रखा गया है। इसमें भाग लेने वाली टाइम 1 अगस्त से 5 अगस्त तक इंट्री फीस देकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 25 हजार व उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जायेगी।

# हाथियों के झुंड ने दो घरों को किया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत, ग्राम चितरामो के टोला गिधिनियां में सोमवार रात्रि लगभग आठ बजे सात हाथियों की झुंड ने मुनिया देवी पति मोतीलाल मरांडी, मालती कुमारी पति छोटू मरांडी दोनो घरों को तोड़कर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। साथ ही दोनो घरों में रखे सभी अनाज को चट कर गये और फसलों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। पीड़ित परिवार के घर ढह जाने से मुनिया देवी और मालती कुमारी के परिवार वाले बेघर हो गये हैं, जिससे उक्त परिवार को रहने और खाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबध में प्रखंड उपप्रमुख सह जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष सरयु साव ने बताया कि हाथियों की झुंड ने दोनो घरों को पूरी तरह से ध्वस्तकर तोड़ दिया है, जिससे पीड़ित परिवार को काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों और बच्चो में भय का माहौल व्याप्त है,



हाथी पास के जंगल में ही अपना डेरा जमाए हुए हैं और बुधवार को बलिया के आसपास जंगल में देखा गया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, खाद आपूर्ति पदाधिकारी और वन विभाग से आवास और खाने पीने की सामग्री की मांग की है। साथ ही कहा कि पीड़ित परिवार के आशियाने पूरी तरह से उजड़ गये हैं, इसलिए अतिः शीघ्र दोनो पीड़ित परिवारों का भरण पोषण के लिए अनाज और उचित मुआवजा की राशि साथ ही रहने की समुचित व्यवस्था करायी जाये।

# कांग्रेस ओबीसी के नेता 6 अगस्त को राजभवन का करेंगे घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड कांग्रेस ओबीसी के नेता 6 अगस्त को राजभवन का घेराव करेंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को सर्किट हाउस में कांग्रेस ओबीसी के नेताओं ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने कहा कि 6 अगस्त को रांची राजभवन के समक्ष राजभवन घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ओबीसी को 14 प्रतिशत से 27 प्रतिशत आरक्षण बढ़ा कर लागू करने, जाति जनगणना, पिछड़ा मंत्रालय का गठन, 50% आरक्षण बैरियर को खत्म करना मुख्य रूप से शामिल है। आगे कहा कि झारखंड बनने के समय ओबीसी के लोगों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू था, लेकिन झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया, जिससे आज तक




ओबीसी को सही तरीके से आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा हैं। जिसके कारण पिछड़ा वर्ग के लोगों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि ओबीसी को हक देना होगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने में ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी लग गये है। प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी को छलने का काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी को जो चोट दिया है उसे ओबीसी समाज कभी नहीं भूलेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गोप, इंटक के धीरज सिंह समेत कई उपस्थित थे।

# 108 एंबुलेंस सेवा ठप, लोग हो रहे परेशान

### 9 सूत्री मांग को लेकर 108 एंबुलेंस चालक गये हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अपने 9 सूत्री मांग को लेकर झारखंड के 108 एंबुलेंस चालक दल के लगभग 1500 लोग 28 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इस संबंध में चालाक लोगों का संगठन झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ गत 26 जून को 9 सूत्री मांग का मांग पत्र देते हुए पूरा करने की बात कही थी, उसमें यह भी कहा गया था कि अगर हमारा मांग नहीं माना जायेगा तो 28 जुलाई से हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। इसका कोई असर नहीं हुआ तो यह लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इस संबंध में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू और तपेश्वर राम भुईयां ने स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार को पत्र लिख कर मांग की है कि झारखंड में लगभग 24 सदर अस्पताल है इन अस्पतालों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज रेफर होकर सरकार के छः सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, एक एम्स और दो निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जाते हैं। कई मेडिकल कॉलेज के मरीज भी रिम्स रांची जाते हैं। सिर्फ हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से प्रतिदिन 20 से 25 मरीज रिम्स रेफर होते हैं। सड़क दुर्घटना हो या प्राकृतिक आपदा में घायल होने वाले लोगों को भी तत्काल 108 एंबुलेंस लेकर संबंधित अस्पताल में जाते हैं। इससे सैकड़ों लोगों की जान प्रतिदिन बच जाती थी, लेकिन 108 एंबुलेंस चालकों के दल के हड़ताल पर चले जाने के कारण पूरे झारखंड में स्थिति चिंता जनक हो गयी है। यह कोई मामूली एंबुलेंस नहीं है। एक एंबुलेंस में दो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और दो पायलट रहते हैं जो मरीज को ऑक्सीजन जरूरी साल्ट इंजेक्शन रास्ते में देते रहते हैं।

## टाटीझरिया में हाथियों ने मचाया उत्पात



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों की पुनः वापसी से इलाके के ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। टाटीझरिया पंचायत के बिशाय गांव में सात हाथियों के दल ने जमकर तांडव मचाया। हाथियों ने घर को तोड़ते हुए वहां रखे अनाज को चट कर दिया, और घरेलू सामानों को नुकसान पहुंचा किसानों के धान के बिचड़े को रौंद डाला। जिससे किसानों को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार-बुधवार देर रात बिशाय निवासी सुमित्रा देवी पति सोहन बास्के का पक्का मकान, खिड़की, दरवाजे, साइकिल, चौकी इत्यादि कई सामानों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे चावल, दाल, आटा को चट कर गया। सुनिता देवी पति शीतल बास्के का पक्का मकान घर का मेन गेट, खिड़की और जेनेरेटर को नुकसान पहुंचाया। लिलो देवी पति महिलाल बास्के और सुमित्रा देवी के धान के बिचड़े को हाथियों ने रौंद डाला। किसानों ने बताया कि धान रोपाई के समय धन के बछड़े को रोंडा जाने से काफी नुकसान हुआ है, इस बात की चिंता सताई जाने लगी है कि अब वह बिचड़ा कहां से लायेंगे। अब भुखमरी की चिंता सताने लगी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** एनएच-522 हजारीबाग - बगोदर सड़क मार्ग बैंक ऑफ इंडिया टाटीझरिया शाखा के समीप मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। मंडपा निवासी ललन कुमार पिता देवकी साव टाटीझरिया से होलंग की ओर अपने बाइक (जेएच-02-बीक्यू-7498) से जा रहा था। बैंक ऑफ इंडिया टाटीझरिया शाखा के पास अनियंत्रित होकर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में युवक घायल होकर बेहोश हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी विष्णुगढ़ अस्पताल भेज दिया गया।

## माफियाओं ने गोंदवार के 12 एकड़ जमीन के गलत कागजात बनाये, ग्रामीण कर रहे विरोध



**चरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड आंगो थाना क्षेत्र के गोंदवारा गांव के ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर धन रोपाई किया विगत कुछ माह पहले खाता संख्या 3 मौजा गोंदवार कुल रखवा 12 एकड़ 31 डिसमिल भूमि पर भू माफियाओं के द्वारा गलत तरीके से पेपर बनाकर तीन चार पीडिया से जोत आवाद करते आ रहे ग्रामीणों के जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। गोंदवार के ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर बुधवार को अपने जमीन में धन रोपाई किया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह दिन हम सब ग्रामीणों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है जो कि हम एक साथ मिलकर आज धन रोप रहे हैं। जिस जमीन पर भू माफियाओं का नजर बनी हुई थी हम लोगों ने आज सरना झंडा गाड़कर और विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करके धन रोपाई का कार्य को शुरू किया है, और हम सभी ग्रामीणों के तरफ से भूमाफियाओं का चेतावनी है कि हम लोग के जमीन पर अगर कब्जा करने का प्रयास किया तो हम सभी ग्रामीण हर हदे पर करने का भी काम करेंगे और यहां से खदेड़ कर भागने का भी काम करेंगे चाहे वह कुछ भी करना पड़े यह जमीन हम लोग का है और हम लोग का ही रहेगा। ग्रामीणों में मुख्य रूप से उपस्थित शिबालाल मरांडी, सुखदेव हेम्ब्रोम, अनिल हेम्ब्रोम, रीतलाल हेम्ब्रोम, मनोज हेम्ब्रोम, राजेन्द्र साव, रामचन्द्र राम, भुनेश्वर सव, सुरजन राम, संतोष राम, सुधीर राम, मोतीलाल हेम्ब्रोम, लजरुस सोरेन, लालजी मरांडी, सुरेश सोरेन, साहेबराम हेम्ब्रोम, मिहीलाल हेम्ब्रोम, सानू मुर्मू, बंशी मरांडी, सुरजन किस्कु, सुनील सोरेन, सुनील किस्कु सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## लोगों ने पाकेटमार को रंगे हाथों पकड़ा, गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय के समक्ष बार एसोसिएशन के हाजरी फार्म काउन्टर के पास बुधवार को एक वृद्ध नन्द किशोर पांडे से पाकेटमारी कर भाग रहे पाकेटमार राजन उर्फ जमाल मियां पिता अली हुसैन चिश्ती मोहल्ला को रंगे हाथों पकड़ कर नागरिकों ने व्यवहार न्यायालय पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद व्यवहार न्यायालय पुलिस ने सदर पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद अग्रसर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार भेज दिया। इस संबंध में भुक्तभोगी वयोवृद्ध नन्द किशोर पांडे पिता स्व शहदेव पांडे ने शिवाडिह बड़कागांव के रहनेवाले ने बताया कि व्यवहार न्यायालय में केश का तारीख था जिसके लिए हाजरी फार्म खरीदने के लिए गया था जैसे ही काउंटर खिड़की में पैसे देने के लिए रकम निकाला पाकेट में इसने हांथ डालकर रूपया निकाल लिया और कुछ रूपया अपने साथी को दे दिया जो भाग खड़ा हुआ हो हल्ला करने पर वहां मौजूद लोगों ने इसे पकड़ कर पुलिस के पास ले गये तलाशी के दौरान इसके पास से तीन हजार रूपए मिले बाकी का साथ हजार रुपयेपाकेटमार का सहयोगी ले भागने में सफल रहि हमारे पास कुल दस हजार रुपए थे। वहीं सदर थाना पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी संख्या 225/25 दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जय प्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार हजारीबाग भेजा दिया गया है।

## दिनदहाड़े अपार्टमेंट में घुस 15 लाख का कैश ले उड़े चोर





**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चोरों का मनोबल कितना बढ़ गया है, इसकी बानगी हजारीबाग में एक बार फिर कोर्रा थाना क्षेत्र में देखने को मिली, जहां चोरों ने दिन दहाड़े एक अपार्टमेंट के पांचवें तल्ले में मौजूद फ्लैट से करीब 15 लाख रुपये कैश उड़ा लिए। घटना मंगलवार की है। इस संबंध में बुधवार को मामला दर्ज किया गया है। वारदात धोबिया तालाब स्थित नीलांबर इनक्लेव में घटित हुई। जानकारी के अनुसार एक निजी कंपनी के निदेशक दीपक अपने सहयोगियों के साथ पांचवें तल्ले में मौजूद फ्लैट में किराये पर रहते हैं। यह कंपनी साइंस सेंटर, रोबोटिक व एआई आदि पर काम करती है। जानकारी के अनुसार दीपक और उनके सहयोगी दोपहर करीब 1 बजे कार्यालय के लिए निकले थे। इस दौरान दोपहर करीब 3.18 मिनट पर दो युवक अपार्टमेंट में लिफ्ट के रास्ते प्रवेश करते हैं। पहले वे तीसरे तल्ले में उतरते हैं और फिर सीढ़ियों के रास्ते पांचवें तल्ले तक पहुंच जाते हैं। दो मिनट के अंदर फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर जाते हैं और फिर तीन मिनट के अंदर अलमारी में रखे कैश को निकालकर फरार हो जाते हैं। इस दौरान वे पैदल ही कुछ दूर जाकर ऑटो करते हैं, लेकिन 50 से 60 मीटर पर पहुंचकर उतर जाते हैं और पैदल ही देवांगना चौक की ओर बढ़ जाते हैं। चोरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है। घटना के बाद पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगर प्रिंट भी उठाए हैं। आरोपित युवकों की उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच आंकी गयी है। आरोपितों की पहचान के लिए पुलिस कई थानों से संपर्क में है। इस पूरी घटना में अपार्टमेंट की सुरक्षा पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

## सयाल में वी पिपुल स्वरोजगार योजना प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल पुराना पोस्ट आफिस कालोनी स्थित वी पिपुल (ए ग्लोबल सोसाइटी) कार्यालय में बुधवार को स्वरोजगार योजना प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कार्यालय का उद्घाटन विधिवत फीता काट कर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रेणुका दास व संचालन जसीम अंसारी ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि में पतरातू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख अनिल सिंह, के. के मुखिया रीता कुमारी, विश्वरंजन सिन्हा, रामविलास यादव, भुनू सिंह, सुरेश प्रसाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकनाथ महतो ने कहा कि संस्था की सोच और कार्यशैली अच्छी है। इस बेरोजगारी के दौर में यह संस्था लोगों के लिए मददगार साबित होगी। और सबसे बड़ी बात है कि महिलाएं यह कार्य अपने घर में कर पायेगी। उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं है। संस्था का यह कदम सराहनीय है। वहीं संस्था के फाउंडर सचिव त्रिलोकी नाथ सिन्हा ने संस्था महिलाओं व पुरुषों को स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर मोमबत्ती, धूपबत्ती, पतल, ग्लास, कपड़े सिलाई कढ़ाई कार्य से जोड़ कर रोजगार देगी। इस अवसर पर सिम्पी देवी, वंदना देवी, रेखा देवी, मुनिता देवी, उमा देवी, करिश्मा कुमारी, वंदना, अनीता देवी, रजनी देवी, अदिति पांडे, नीतू देवी, गीता देवी, सोनाली कुमारी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, प्रीति, संजू, किरण देवी, अनुराधा देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्य रीमा वर्मा, मंजूलता कुमारी, सुचिता देवी, जितेंद्र कुमार ,छोटू गोस्वामी, अनिल कुमार, अशोक रजक, प्रमोद कुमार शर्मा, राजूराम का योगदान रहा।

## विधायक ने सड़क का किया भूमि पूजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** सरगडीह से सुथरपुर तक जल्द सड़क बनने का कार्य शुरू हो जायेगा। इसके लिए बुधवार को सरगडीह गांव में भूमि पूजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी और विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रेखा सोरेन उपस्थित हुई। विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार विकास कार्यों में तेजी ला रही है। गांव गांव तक अबुआ सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही है। काफी पहले से ग्रामीणों की मांग थी कि यह सड़क बने। इसके लिए लगातार प्रयास किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे मे आर एन भगत एंड कंपनी के संवेदक से निर्माण कार्य में गुणवत्ता रखने का निर्देश दिया। बताया गया कि यह सड़क करीब 4.75 किलोमीट तक तीन करोड़ 76 लाख की लागत से बनेगा। जिसमें गार्डवाल, काली करण भी शामिल है। मौके पार संतोष सोनी, गौरीशंकार महतो, मानिक पटेल, गुलाम सरवर, मोती महतो, दिनेश महतो आदि थे।

## झारखंड की शिक्षा व्यवस्था प्रयोगशाला बन चुकी है: रामेश्वर गोप



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जय भारत मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर गोप ने झारखंड में शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता के चलते गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में शिक्षा का एकमात्र सहारा सरकारी विद्यालय हैं, जहां वर्षों से पारा शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बावजूद इसके, राज्य सरकार की ओर से इन शिक्षकों और विद्यालयों को मजबूत करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। श्री गोप ने आरोप लगाया कि राज्य के शिक्षा विभाग को एक प्रयोगशाला बना दिया गया है, जहां निरंतर नए-नए प्रयोग किये जा रहे हैं। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि शिक्षकों को शिक्षण कार्य छोड़कर अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में जबरन लगाया जा रहा है। यह स्थिति छात्रों के शैक्षणिक हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार यदि वास्तव में शिक्षा के सुधार को लेकर गंभीर है, तो उसे पारा शिक्षकों की स्थिति सुदृढ़ करनी होगी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करनी होंगी, और शिक्षा को प्राथमिकता के रूप में देखना होगा। जय भारत मंच ने राज्य सरकार से मांग की है कि शिक्षा क्षेत्र को राजनीति और प्रयोगों से मुक्त कर व्यावहारिक और जमीनी स्तर पर सुधार लाने के लिए ठोस नीति बनाई जाये।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी और कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे। उपायुक्त ने बताया कि मुख्य समारोह का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में किया जाएगा, जहां प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर झंडोतोलन, राष्ट्रगान, सलामी परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजित किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल की समुचित साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाउडस्पीकर व्यवस्था, पेयजल, बैठक की समुचित व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता की तैनाती, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान, परेड की तैयारी, तथा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने फांसी तालाब और रेड क्रॉस परिसर में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भी निर्देशित किया।

## केंद्रीय टीम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी पंचायत में बुधवार को केंद्रीय टीम ने हो रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। टीम ने चाड़ी पंचायत के कुसुम डीह, हेरमदगा, कुष्टेगढ़ा, जोभिया, घासी केनके, कल्याण पुर गांवों पहुंचे। जहां मनरेगा योजना से हो रहे बागवानी, कूप, अबुआ आवास, पी एम आवास व 15वें वित्त आयोग से किये जा रहे पीसीसी, शौचालय, तालाब में सीढ़ी, जल मीनार, श्मशान शेड निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसके बाद बागवानी, कूप, अबुआ आवास, पीएम आवास के लाभुकों को कार्य पूर्ण होने के बाद राशि की भुगतान हुआ कि नहीं इसकी जानकारी ली गयी। अगर नहीं हुई है तो क्यों नहीं हुई इसकी जानकारी भी ली गयी। जिसके बाद पंचायत सचिवालय में पहुंचकर देखा जोखा बही को भी देखा गया। जिसके बाद वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशनरों को बुलाया गया। जिन्हें पुछताछ की गई। पेंशनरों ने पेंशन में 1 हजार से बढ़ोतरी कर 2 हजार करने की मांग की। पेंशनरों ने कहा कि इतनी महंगाई में एक हजार रुपए में खर्च नहीं निकल पाता है। जानकारी के अनुसार सेंट्रल की टीम प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों तक योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। इन तीन दिनों में चाड़ी, बंदा, सुतरी, मगनपुर, कुम्हरदगा व पुरबडीह पंचायत के गांवों में हो रहे हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा। मौके पर बीडीओ डॉ सुधा वर्मा,बीपीओ कामख्या प्रसाद, मुखिया नर्गिस मोसर्रत, पंचायत सचिव पुष्पेश्वरी कुमारी, रोजगार सेवक सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### दूध के टैंकर की सील तोड़कर लाइन होटल में हो रही थी मिलावट

# 30 हजार लीटर दूध से लदा टैंकर जब्त

**रॉबिन होटल के संचालक पर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन पर नकली खाद्य पदार्थ के मिलावट और तस्करी के लिए बड़ा कॉरिडोर बनता जा रहा है। पहले नकली पनीर, खोवा, सॉस आदि के व्यापारियों का गोरख धंधा सामने आया। अब दूध के टैंकर का सील तोड़कर उसमें पानी और केमिकल के मिलावट करते हुए पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने रामगढ़ पुलिस के साथ मिलकर एनएच-33 पर स्थित रॉबिन होटल में छापेमारी की। यहां 30 हजार लीटर दूध से भरा हुआ एक टैंकर जब्त किया गया है। इस टैंकर का सील तोड़कर उसमें पानी और केमिकल की मिलावट की जा रही थी। बुधवार की शाम हुई इस छापेमारी ने दूध के इस गोरख धंधे में शामिल लोगों में हड़कंप मचा दिया है। छापेमारी के दौरान होटल संचालक, टैंकर के ड्राइवर और खलासी सभी भाग खड़े हुए।

**सैंपल लेकर जब्त किया गया टैंकर :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने बताया कि टैंकर पीबी 11 सीएम 3311 जब रॉबिन होटल में लगा तो उसमें मिलावट की प्रक्रिया शुरू हो गयी। यह कंटेनर उड़ीसा से चलकर आया था। यहां दूध में हो रही मिलावट की खबर विभाग को पहले से ही थी। जैसे ही टीम वहां पहुंची मिलावट कर रहे लोग और होटल मालिक वहां से फरार हो गये। टीम ने देखा कि 30000 लीटर क्षमता वाले टैंकर का सील टूटा हुआ है। उससे दूध निकाल कर पिकअप वैन में रखे गये टंकी में भर गया था। एक पिकअप वैन जेएच 01 ईएन 6689 को भी जब्त किया गया है। अपनी चोरी छुपाने के लिए ड्राइवर और खलासी निकाले गये दूध की मात्रा के बराबर पानी और केमिकल टैंकर में डाल रहे थे।

**रॉबिन होटल के मालिक पर भी होगी कार्रवाई :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने बताया कि इस गोरख धंधे में गाड़ी मालिक, ड्राइवर, खलासी और ट्रांसपोर्टर के साथ-साथ रॉबिन होटल के मालिक पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि होटल मालिक के द्वारा बिजली, पानी, मोटर की सुविधा अवैध कारोबारी को उपलब्ध कराया जा रहा था।

## पुत्र को जिंदा करने के लिए मां ने सात घंटा तक की यीशु की प्रार्थना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज /चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पैनी गांव में बुधवार को अंध विश्वास का एक ऐसी घटना सामने आया। जिसमें मृतक की मां ने अपने मृतक पुत्र को जिंदा करने के लिए बुधवार को सुबह सात बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक प्रभु यीशु की प्रार्थना कर जिंदा करने का ढोंग रची। मृतक की मां के अलावा फुआ, चाचा और गांव के अन्य महिलाएं भी प्रार्थना करने में साथ दे रही थी। पैनी गांव निवासी प्रदीप पासवान का पुत्र विक्रम कुमार पासवान (21) की मौत गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार को हो गया था। बुधवार को मृतक का शव सुबह सात बजे सड़क मार्ग से गांव पहुंचा। शव को आते ही उसकी मां अनीता देवी, फुआ चिंता देवी और चाचा नंदु पासवान के साथ गांव व रिश्तेदार की अन्य महिलाएं प्रभु यीशु की प्रार्थना करने लगे। मृतक की मां ने घर के किसी भी सदस्य को रोने नही दिया। इस दौरान वशिष्ठनगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह को सूचना मिली कि शव को घर में रखकर जिंदा करने के लिए झाड़-फूक का खेल चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को आने की खबर पर मृतक के परिजन तुरंत अंतिम संस्कार करने के लिए शव को श्मशान घाट लेकर निकल पड़े।इस बावत मृतक की मां अनीता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताई कि 17 जूलाई को मेरा बेटा गुजरात काम करने के लिए पैनीकला गांव से निकला था।तेरह दिन में ही मेरा बेटा का शव घर पहुंच गया। मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि मेरे बेटा की मौत हुई है। बाइबिल के सहारे प्रार्थना कर पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया। परंतु प्रार्थना भी कोई काम नहीं आया। इतना ही नही धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म से जुड़ी कुछ महिलाएं जो बिहार के डोभी, घोड़ाघाट आदि गांव से आई थी।सबने मिलकर प्रार्थना किया। अंत में मृतक का हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।

## रोटरी रामगढ़ सिटी ने मनाया सावन महोत्सव



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में मंगलवार को चूटूपालू स्थित होटल ओए पंजाब में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सावन मोहत्सव में महिलाओं के द्वारा मेंहदी, तंबोला, गेम्स और कपल गेम्स का आयोजन किया गया। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। वही, बच्चों ने भी विभिन्न खेलों में अपनी सहभागिता प्रदान की विजेता महिलाओं और बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से महिलाओं को हरी चूड़ियां, बिंदी, मांग टिक्का, दुपट्टा भेंट किया गया, बेस्ट कपल का अवार्ड रूपेश गुप्ता और बिनीता गुप्ता ने जीता। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास अग्रवाल और नेहा अग्रवाल थे। मौके पर अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि सावन का महीना हरियाली का प्रतीक है। इस अवसर पर अनिता राजगढ़िया, निधि चौधरी, सुमन चौधरी, स्वाति पंसारी, नीरू गोयल, सीमा अग्रवाल, बिनीता गुप्ता, ज्योति गोयल, सोनू अग्रवाल, श्वेता बगड़िया, स्वीटी अग्रवाल, प्रियंका खंडेलवाल, विजेता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, निशा मोदी, नीति बरेलिया, श्वेता जैन, अनिल गोयल, विकास अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, राजू अग्रवाल, वरुण बगड़िया, सुरेश अग्रवाल, भरत गोयल, दीपक अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, रूपेश गुप्ता, सचिन अग्रवाल, हरीश चौधरी, पंकज जैन, मनोज मोदी, डॉ राहुल बरेलिया, प्रकाश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, उमेश राजगढ़िया आदि उपस्थित थे।

## हिंदू नेता राजेश सिन्हा को रामगढ़ कोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पुलिस द्वारा 3 दिन पहले गिरफ्तार किये गये हिंदू नेता राजेश सिन्हा को कोर्ट ने जमानत दे दी है। बुधवार को जमानत मिलने के बाद शाम को वह जेल से बाहर आ गये। राजेश सिन्हा की अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने जमानत के लिए कोर्ट के सामने कई तथ्य रखें। सबसे मुख्य तथ्य यह था कि केस दर्ज करने वाली महिला ने जो बातें आवेदन में लिखी थी और पुलिस ने जो धारा उस आवेदन के आधार पर लगाया था, दोनों में विरोधाभास है। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि भीड़ तंत्र के दबाव में आकर पुलिस ने गलत धाराओं में केस दर्ज किया था। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ थाना से फरार आफताब अंसारी के खिलाफ एक महिला ने यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। आफताब अंसारी की मौत की वजह भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो गयी। उसकी मौत नदी में डूबने की वजह से हुई थी। उसके मौत से राजेश सिन्हा का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन पुलिस ने भीड़ तंत्र के दबाव में गलत तरीके से निर्दोष व्यक्ति को जेल भेजा।

## सीसीएल तोपा क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा कोलियरी क्षेत्र अंतर्गत बी टाइप, ऑफिसर्स, दुर्गा मंडप, परियोजना ऑफिस समेत अन्य मोहल्लों की गलियों और नालों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर नियमित रूप से कीट नाशक दवाएं डाली गयी। स्वच्छता अभियान के तहत कचरा उठाने वाली गाड़िया गली-मोहल्ले में जाकर कचरा संग्रह किया। साथ ही, मुंशी नीरज महतो और उनके सहयोगी ने लोगों को जागरूक कर अपने घरों का कचरा निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने को बात कही। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना कर ऐसे कार्यों को नियमित रूप से जारी रखने की मांग की।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बारूडीह गांव में कुसुम के पेड़ में गिरने से स्व लक्ष्मण सिंह का पुत्र शंभू घटवार उम्र 40 वर्ष की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि शम्भू गांव में लगे कुसुम के पेड़ से लाह उतारने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। पेड़ से लाह उतारने के दौरान वह असंतुलित होकर नीचे गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। बताया गया कि मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। पूरे गांव में शोक की लहर है।

## तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुमरीकला पंचायत स्थित तुलसीपुर बथान आहर में बुधवार को ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। इसकी सूचना थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी गयी। पुलिस ने तालाब से शव को बाहर निकाल कर पहचान कराने के लिए रखा। आसपास के लोगों से शव को देखकर पहचान कराया गया। परंतु लोगों ने बताया कि मृतक आस-पास के गांव का नहीं है।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी प्रदीप भुइंया की अठारह वर्षीय पुत्री करिश्मा कुमारी ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना की सूचना वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह को ग्रामीणों ने दी। थानेदार ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेंज दिया है।

## भू-जल संबंधित मुद्दे और प्रबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन

**जल हमारे जीवन का मुख्य आधार, इसका सदुपयोग और संरक्षण करना अति आवश्यक : बी एन साह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, राज्य एकक कार्यालय, रांची भारत सरकार द्वारा आयोजित राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में बुधवार को भूजल संबंधित मुद्दे और प्रबंधन टोअर-III प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के छात्र छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्विद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह और सम्मानित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को पौधे और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलाधिपति बी एन साह, मुख्य वक्ता रोज अनीता कुजूर, वैज्ञानिक 'घ' प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रांची, सुनील टोप्पो एवं सुलेखा भाया वरिष्ठ वैज्ञानिक, ग्रेड 'सी' और विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित रहे। कुलाधिपति बी एन साह ने आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि जल हमारे जीवन का मुख्य आधार है और इसका सदुपयोग और संरक्षण करना अति आवश्यक है। वही सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना की और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिकों, कर्मचारीगण, भूगोल विभाग के व्याख्याता बुद्धदेव महतो, डॉ दिलेश्वर प्रसाद , मासूम कुमार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीसी ने पर्यटन विकास और डीएमएफटी के तहत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

# जिले में चल रहे विकास योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करें अभियंता: फैज अहमद मुमताज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में पर्यटन विकास और डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसीयों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करें :** डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली और वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान डीसी ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

**डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा:** पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलग-अलग स्थलों पर ट्रेकिंग साइट, इको टूरिज्म साइट चिन्हित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिये। इन सबके अलावा डीसी ने रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जिला और प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम निर्मित करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण करने को लेकर भी चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिये।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में उप विकास आयुक्त आशिष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंताओं, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 5444 date 24.07.2025. I, MANKUMARI DEVI, W/o- Late Lachmi Singh, aged about 66 years by faith-Hindu: by Nationality Indian. R/o At-Patratu Basti, PO Patratu P Patratu, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That my actual & correct name is MANKUMARI DEVI and my husband's actual & correct name is LACHMI SINGH which is mentioned in my Aadhar card bearing No. 2733 6499 0911.
2. That my name has been mentioned as MANA KUMARI DEVI and also my name has been mentioned as LAXMAI SINGH in our Six Year National Saving Certificates bearing Nos. (1) 6NS/90EE 763232, Reg. No. 14902 (2) 6NS/90EE 763236 Reg. No. 14906 (3) 6NS/90EE 763243 Reg. No. 14912 (4) 6NS/90EE 763244 Reg. No. 14913 (5) 6NS/90EE 763263 Reg. No. 14924 (6) 6NS/90EE 763264 Reg. No. 14925 (7) 6NS/90EE 763270 Reg. No. 14931 and (8) 6NS/90EE 763271 Reg. No. 14932 which is in our joint name. 3. That my husband has been died on 17.11.2017 whose death certificate has been issued from Patratu Block bearing Reg. No. JHDC/2017/40592 in which my husband's name has been mentioned as LAXMI SINGH.
That MANKUMARI DEVI & MANA KUMARI DEVI both are names of same and single lady i.e myself. 5 That LACHMI SINGH, LAXMAI SINGH & LAXMI SINGH are names of same and single person who was my husband. 6. That this affidavit is required for knowledge of authority concern for needful purpose.
7. That the above statements are true and correct to the best of my knowledge, if found false in future I shall be liable for this.

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 19.08.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार हैं: 1. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-48,** चक्रधरपुर मंडल के तहत अर्थिंग व्यवस्थाओं में सुधार एवं ईएलडी के प्रावधान के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य। **निविदा लागत:** रु.7,04,92,815/-, **बयाना राशि:** रु. 5,02,500/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-49,** चक्रधरपुर मंडल के तहत स्टेशन मास्टर एवं नॉन-इंटरलॉक्ड एल. सी. गेटों के बीच वॉइस लॉगिंग सुविधा की सेंट्रलाइज्ड रिकॉर्डिंग का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.2,22,06,551.03, **बयाना राशि:** रु. 2,61,000/-, **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 हेतु 09 माह और क्रम सं. 2 हेतु 06 माह । निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(PR-458)**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–पीएसएस–03–25–26 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम: सीएओ/सी/दक्षिण के अधिकार क्षेत्र के तहत गैर–ईपीएसी अनुबंध के माध्यम से निष्पादित विभिन्न निर्माण स्थलों/वर्गों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करना। अंकलित मूल्य (रु०): ₹64,08,22,470.48; प्रतिभूति बोली (रु०): ₹33,54,100/–; कार्य पूर्ण करने की अवधि : 36 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 20.08.2025, 12.00 बजे।

ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/ कोरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0695/कॉनएमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/44

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई लंबी बातचीत न केवल स्वस्थ, सार्थक और जीवंत रही बल्कि इसने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को उनके बेहतर रंग में देश के सामने रखा। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह स्पष्ट घोषणा सामने आयी कि 'दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा' जिससे वह अस्पष्टता दूर हो गयी, जो इस मुद्दे को लेकर बनी हुई थी। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नयी नीति और ऑपरेशन सिंदूर के निहितार्थों को बहुत बारीकी से स्पष्ट किया।

**दुनिया को संदेश:** पीएम मोदी का जवाब केवल विपक्ष के लिए नहीं था। यह सवाल पूरे देश को परेशान कर रहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के व्यापार रोकने की धमकी देकर सीजफायर कराने के दावों में कितनी सच्चाई है। हालांकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर पहले भी ट्रंप के दावों को नकार चुके हैं, लेकिन सरकार के मुखिया की तरफ से आया जवाब पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत ऐसे फैसले किसी के दबाव में नहीं लेता।

**संयम के साथ शक्ति:** पाकिस्तान के साथ टकराव के किसी भी मोड़ पर भारत का इरादा संघर्ष बढ़ाने का नहीं था। सरकार की ओर से खुली छूट होने के बावजूद भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। भारत इस लक्ष्य के साथ उतरा था कि सीमा पार मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आतंक के आकाओं को सबक सिखाना है। यह संयमित रुख दिखाता है कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन अगर पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया, तो उसे करारा जवाब देने में संकोच नहीं करेगा।

> सरकार की ओर से खुली छूट होने के बावजूद भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। भारत इस लक्ष्य के साथ उतरा था कि सीमा पार मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आतंक के आकाओं को सबक सिखाना है।

**सराहना होनी चाहिए:** पीएम ने डिफेंस सेक्टर में सुधार से लेकर दुनिया में भारतीय हथियारों की बढ़ती मांग तक पर सिलसिलेवार ढंग से बात रखी। उन्होंने हर उस पहलू को छुआ, जिसे लेकर हाल में बहस बढ़ी है। आमतौर पर राजनीति में मुद्दे नारों के शोर में खो जाते हैं, लेकिन पीएम के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जिस तरह का जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार दिखाया उसकी सराहना की जानी चाहिए।

**बात आगे बढ़े:** मॉनसून सत्र का काफी वक्त हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्ष की मांग थी कि ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हो। लंबी चर्चा हुई, विपक्ष ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अपने सारे संदेह और सवाल सदन में रखे, सरकार ने अपने ढंग से उनके जवाब भी दे दिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब सत्र के बचे हुए हिस्से में संसद में हंगामा, शोरगुल और बॉयकॉट नहीं बल्कि स्वस्थ, सार्थक चर्चा और सवाल-जवाब देखने को मिलेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**संगीतकार नौशाद ने फिल्म 'पहले आप' (1944) का गाना 'हिंदुस्तान के हम हैं' गीत सैनिकों पर फिल्माया। रिकॉर्डिंग के समय देशभक्ति गाने में साउंड इफेक्ट देने के लिए गायकों को मिलिट्री वालों के भारी जूते पहनाये गये थे, जिससे मार्चिंग की आवाज को रिकॉर्ड किया गया था। जब रिकॉर्डिंग पूरी हुई तो मोहम्मद रफी के पैरों से खून बह रहा था। फिर भी अपना पहला हिंदी गाना रिकॉर्ड करने की खुशी में उनके चेहरे में चमक थी।**

# 'तुम मुझे यू भूला न पाओगे'



**डॉ मोहम्मद जाकिर**

अगर किसी एक गायक का नाम लिया जाये जिसकी आवाज में अल्हड़पन, प्रेम, हुस्न की तारीफ, शरारतें, व्यथा, वैराग्य, शास्त्रीय संगीत, अध्यात्म, भजन, लोकगीत, कव्वाली और गजल सब कुछ समाहित हो जाय तो बेशक वह नाम महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी का होगा। मोहम्मद रफी के तरकश में सभी तीर मौजूद थे। मोहम्मद रफी का कोई सानी नहीं था। इसीलिए मोहम्मद रफी, जिनका 45 साल पहले 31 जुलाई को निधन हो गया था, आज भी हमारी स्मृति में बसे हुए हैं।

मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसंबर, 1924 को ब्रिटिश भारत के संयुक्त पंजाब प्रांत के कोटला सुल्तान सिंह के गांव में हुआ था। एक फकीर रोज एक नया पंजाबी गीता गाता उनके गांव आया करता था। एक बच्चा उनके पीछे-पीछे गाना सुनते जाता था। उस बच्चे की उम्र 8-9 वर्ष की रही होगी। लौट कर बच्चा गाना लोगों को सुनाता। एक दिन उस फकीर ने बच्चे को गोद में उठा लिया। कहा - 'जा बच्चा तू एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनेगा। दुनिया तेरे नाम की दीवानी होगी।' बच्चे को एक फकीर की दुआ लगी और वही बच्चा आगे चलकर स्वर सम्राट मोहम्मद रफी के नाम से पहचाना गया।

> मोहम्मद रफी का कोई सानी नहीं था। इसीलिए वे आज भी हमारी स्मृति में बसे हुए हैं।

कोटला से लाहौर आये। इनके फन को कई उस्तादों - जीवन लाल मट्टू, उस्ताद अब्दुल वहाद खान, उस्ताद बड़े गुलाम अली खान ने निखारा। लाहौर में केएल सहगल के प्रोग्राम में बिजली चले जाने पर उन्हें 13 साल की उम्र में पहला स्टेज पर गाने का मौका मिला। दर्शकों में गाना सुनने केएल सहगल भी बैठे थे। उन्होंने कहा था, ये लड़का एक दिन बड़ा गायक बनेगा। संगीत निर्देशक श्याम सुन्दर ने उनसे पंजाबी फिल्म 'गुल बलोच' के लिए पहला गाना 'सोनिये नी, हीरिये नी' गवाया।



एक्टर और प्रोड्यूसर नजीर ने मोहम्मद रफी को 100 रुपए और एक टिकट भेजकर वर्ष 1944 में बॉम्बे (मुंबई) बुलाया।

संगीतकार नौशाद ने फिल्म 'पहले आप' (1944) का गाना 'हिंदुस्तान के हम हैं' गीत सैनिकों पर फिल्माया। रिकॉर्डिंग के समय देशभक्ति गाने में साउंड इफेक्ट देने के लिए गायकों को मिलिट्री वालों के भारी जूते पहनाये गये थे, जिससे मार्चिंग की आवाज को रिकॉर्ड किया गया था। जब रिकॉर्डिंग पूरी हुई तो मोहम्मद रफी के पैरों से खून बह रहा था। फिर भी अपना पहला हिंदी गाना रिकॉर्ड करने की खुशी में उनके चेहरे में चमक थी। इसके बाद संगीतकार नौशाद और रफी की जोड़ी दशकों चली।

उन्होंने अपनी वक़्त के सभी बड़े संगीतकारों एवं संगीत निर्देशकों- गुलाम मोहम्मद, एकबाल कुरैशी, बसंत देसाई, नौशाद, शंकर जय किशन, ओपी नैय्यर, एसडी बर्मन, जयदेव, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, मदन मोहन, सलिल चौधरी, रवि, रामलाल, अनिल विश्वास आदि के साथ काम किये। रफी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इनकी असीमित आवाज की रेंज को देखते हुए संगीतकारों ने दिलीप कुमार, देव आनंद, गुरु दत्त, धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, मनोज कुमार, राज कपूर, राजेश खन्ना, शशि कपूर, शम्मी कपूर, ऋषि कपूर, जितेंद्र, राज कुमार, राजेंद्र कुमार जैसे विविध सितारों के लिए गाने गाये। पार्श्व गायक किशोर कुमार, जो एक्टिंग भी करते थे, के लिए भी रफी ने फिल्म 'शरारत' - अजब है दास्तां तेरी, 'रागिनी' - मन मोरा बांवरा में गाना गये। प्राण, अमजद खान और डैनी डेन्जोगपा जैसे खलनायक, भगवान, जॉनी वॉकर और महमूद जैसे कॉमेडियन के लिए भी गाया। रफी की आवाज सभी कलाकारों पर पूरी तरह से मेल खाती, मानो वही कलाकार पर्दे पर गा रहा हो।

मोहम्मद रफी 1973 में हज करने गये। मक्का में उन्होंने अजान देना चाहा लेकिन वहां के प्रबंधन कमिटी ने अनुमति नहीं दी। जब कमिटी को पता चला की वे मशहुर गायक हैं, तब उन्हें अजान देने का अवसर मिला। सुरीली आवाज में दी गयी। अजान की रिकॉर्डिंग आज भी लोग सुनते हैं। मोहम्मद रफी हज से लौटे तो वे गाना गाना छोड़ दिये थे। लेकिन कुछ समय बाद जब वे गायिकी को बतौर इबादत पुनः गाना शुरू किये।

उनके द्वारा गये भजन, गाने, गजलें, कवाली, साढ़े चार दशक बीतने के बाद भी लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी करते रहेंगे - मन तड़पत हरि दर्शन को आज, सुख के सब साथी, दुख में न कोई, ओ दुनिया के रखवाले, सुन दर्द भरे, अभी ना जाओ छोड़ कर, दिल में छुपाकर प्यार, क्या हुआ तेरा वादा, सुनो सुनो ऐ दुनिया वालों बापू की अमर कहानी, तुम मुझे यूं भूला न पाओगे, मेरी आवाज सुनो, कारवां गुजर गया और गुब्बार देखते रहे, दिल के झरोखे में तुझ को, चुरा लिया है तुमने, चौदहवीं का चांद, मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, चांद मेरा दिल, चांदनी हो तुम, बदन पे सितारे लपेटे हुए, आज पुरानी राहों से, कोई मुझे आवाज न दे, दिन ढल जाये रात न जाये, याद न जाए बीते दिनों की, तेरी गलियों में न रखेंगे कदम आज के बाद ......

अपने समकालीन गायकों के साथ कई गाने गाये जो आज भी लोगों के दिलों पे राज करते हैं - हो के मजबूर मुझे उसने बुलाया होगा, दिल ने फिर याद किया, रहेगा जहां में तेरा नाम, किस को क्या मिला, सलामत रहे दोस्ताना हमारा। ये सब रफी के जादू के बिना संभव नहीं होता। ये अविस्मरणीय हैं। आज भी उन्हें चाहने वालों की कमी नहीं है।

31 जुलाई 1980 को आज से ठीक 45 साल पहले सुरों के बादशाह मोहम्मद रफी दुनिया से रुखसत हुए थे। उनके अंतिम संस्कार में हजारों लोग पहुंचे थे। भारत सरकार ने इनके निधन पर दो दिनों का सार्वजनिक शोक की घोषणा किया था। मोहम्मद रफी को कई अवार्ड मिले। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री से नवाजा, लेकिन वे 'भातर रत्न' के हकदार थे/हैं।


## कोल्हान की खबरें

### कोल्हान विवि में आइक्यूएसीकी बैठक में नैक ग्रेड सुधार को लेकर दिशा-निर्देश जारी



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ.अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में नवगठित आइक्यूएसीसेल की बैठक आयोजित की गई। बुधवार को बैठक में आईपीएस अधिकारी अनिमेष नेथानी समेत विश्वविद्यालय के सभी नए सदस्यगण शामिल रहे।मौके पर कोऑर्डिनेटर डॉ. रंजीत कुमार कर्ण ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नैक ग्रेड सुधार के सुझाव साझा किए। इस अवसर पर कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने कहा विश्वविद्यालय को बेहतर नैक ग्रेड दिलाना पहला प्राथमिकता है। सभी सदस्यों को एक सप्ताह के अंदर कार्यसूची तैयार करने का निर्देश दिए गए। नैक प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय का पूर्ण सहयोग रहेगी।बैठक का संचालन डॉ रंजीत कर्ण व धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय यादव ने की। बैठक में डॉ राजेंद्र भारती, डॉ आरके चौधरी, डॉ संजय यादव, डॉ परशुराम सियाल सहित कई अधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### बरडी कानपुर विद्यालय में किया गया पौधरोपण



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरडी कानपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक विष्णु अहीर और छात्र-छात्राओं की सहभागिता से अब तक विद्यालय परिसर में लगभग 100 पौधे लगाए जा चुके। प्रधानाध्यापक ने बच्चों से घर-आसपास भी पौधारोपण कर लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण रोकथाम और औषधीय पौधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।मौके पर खुशी रानी महतो, सरस्वती टुडू, विमला सरदार,जग बंधु किस्कु समेत कई छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### एसपी ने व्यवहार न्यायालय का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का दिया निर्देश

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने सरायकेला व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, बैरियर, अग्निशमन प्रणाली, बंदी गृह और पार्किंग स्थल समेत समग्र सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की।मौके पर एसपी ने सुरक्षा कर्मियों को परिसर में सुरक्षा चाक-चौबंद रखने के निर्देश दी। उन्होंने कहा न्यायालय परिसर की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा कर्मियों को पूरी मुस्तैदी और निष्ठा के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### नक्सली बंदी को लेकर कोल्हान में पुलिस अलर्ट, डीआइजी ने दिये दिशा-निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नक्सलियों द्वारा 20 जुलाई से 3 अगस्त तक घोषित बंदी को लेकर कोल्हान क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने जमशेदपुर में वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। एसएसपी कार्यालय में आयोजित बैठक में डीआईजी ने सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील इलाकों में सघन गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने नक्सल प्रभावित पश्चिमी सिंहभूम में चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए पांच साल से लंबित



आपराधिक मामलों की फाइलें दोबारा खोलने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा करीब 70 ऐसे मामले चिह्नित किए गए जिनमें अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। डीआईजी ने दो साल से अधिक पुराने मामलों को भी प्राथमिकता देने और सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठन करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा नक्सली बंदी के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस फोर्स हाई अलर्ट पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गयी है। ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयास से बर्मामाइंस में अवैध पार्किंग पर लगी रोक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बमार्माइंस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिल रही है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के त्वरित हस्तक्षेप के बाद नुवोको सीमेंट प्लांट के भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगायी गयी है।बीते दिनों विधायक ने भाजपा कार्यकताओं संग क्षेत्र का दौरा कर अवैध पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए टाटा स्टील प्रबंधन, जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से तत्काल बात की थी। परिणामस्वरूप 24 से 30 जुलाई तक क्षेत्र में प्रशासनिक निगरानी बढ़ाई गयी, जिससे अवैध पार्किंग पूरी तरह बंद हो गयी।

### घाटशिला में रोजगार मेला, 88 अभ्यर्थियों को मिला ऑफर लेटर



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** नियोजनालय सह मडल कैरियर सेंटर घाटशिला में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में विभिन्न पदों के लिए 3607 रिक्तियों के मुकाबले करीब 700 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान 88 अभ्यर्थियों को नियोजकों द्वारा ऑन स्पॉट चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया, जबकि 401अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।मेले में कैरियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित हुआ। जिसमें युवाओं को रोजगार और कैरियर के अंतर, कैरियर विकास की रणनीतियाँ और बेहतर संचार कौशल से ग्रोथ के तरीकों की जानकारी दी गई।मौके पर नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा, ऋतु राज, विनोद कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने निर्वाण-1 शेल्टर होम में पांचवें निराश्रित बुजुर्गों का किया स्वागत




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा संचालित निर्वाण-1 शेल्टर होम में 70 वर्षीय हरिनारायण कुंडू का ससम्मान स्वागत किया गया। पुरी के एक मठ में भोग बनाने वाले कुंडू शेल्टर में आश्रय लेने वाले पांचवें वरिष्ठ नागरिक हैं। यह पहल बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन देने की दिशा में एक भावनात्मक और मानवीय प्रयास है।संस्था ने इस कार्य में योगदान के लिए सुष्मिता सरकार और पीके दास का विशेष आभार जताया। यह पहल न केवल सेवा का उदाहरण है बल्कि सामाजिक बदलाव की मिसाल भी है।

### जमशेदपुर में नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक हुई। बुधवार को बैठक में एसएसपी पीयूष पांडेय, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, दोनों एसडीएम, डीटीओ, ड्रग इंस्पेक्टर समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए नशीली दवाओं की तस्करी, बिक्री और दुरुपयोग पर रोक के लिए ठोस रणनीति बनायी गयी। फामेर्सी और डॉक्टरों को नियमों के पालन के निर्देश, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान तेज करने और युवाओं की काउंसलिंग पर भी जोर दिया गया। ड्रग्स से संबंधित सूचना टोल फ्री नंबर 112 या 0657-2431028 पर देने की अपील की गई। सभी एजेंसियों को नियमित रिपोर्ट और सतर्क निगरानी का निर्देश दिया गया।

### आदिवासी नेता पर जानलेवा हमला के मामल में दो गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** बीते दिनों गम्हरिया के रामचंद्रपुर में आदिवासी नेता सुखराम टुडू पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में सुजीत कुमार घोष और सामु हासदा शामिल है।पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी के पास से तेज धारदार हथियार भी बरामद किया।पुलिस के अनुसार पीड़ित की पत्नी वांगी टुडू की शिकायत पर गम्हरिया थाना में मामला दर्ज हुआ था।वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर गम्हरिया पुलिस भौतिक, तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश में हमला करने की बात स्वीकार की है।अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। छापेमारी दल का नेतृत इंस्पेक्टर कुणाल कुमार ने किया। साथ मे एएसआई ललन रविदास, अरुण कुमार महतो और अभय कुमार शामिल रहे।

### अधूरे निर्माण के बावजूद टोल वसूली जारी दोहरे टोल प्लाजा से ग्रामीणों में आक्रोश

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल-पुरुलिया मार्ग पर एनएच-32 के अधूरे ओवरब्रिज और बाईपास निर्माण के बावजूद बीते आठ माह से टोल टैक्स वसूली जारी है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों और किसानों में नाराजगी देखा गया। नीमडीह और कुकडू प्रखंडों के लोगों को अब जमशेदपुर, सरायकेला या चाईबासा जाने के लिए दो से तीन टोल टैक्स अदा करने पड़ रहे।किसानों का कहना है सब्जी बेचने से होने वाली आय अब टोल और परिवहन खर्च में खत्म हो जाती है। दो-दो टोल प्लाजा से सबसे ज्यादा असर निम्न आय वर्ग और किसान समुदाय पर पड़ा है। स्थानीयों ग्रामीणों ने सांसद सह केंद्रीय मंत्री संजय सेठ से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप के लिए मांग की। ग्रामीणों का सवाल है अधूरे मार्ग पर टोल वसूली किस आधार पर हो रही क्या इस पर कोई जवाबदेही तय होगी?

# कांडी में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**विरोध में सात घंटे तक परिजन शव को उठाने नहीं दिया, बाद में पुलिस ने शव को लिया कब्जे में**

अरुण कुमार चौबे

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत मंडरा गांव में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गयी, जब तीन-चार अज्ञात हमलावरों ने 45 वर्षीय सुनील पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब सुनील पासवान अपने भाई के साथ गांव के पूरब दिशा में स्थित बघौंत बाबा देव स्थल के पास गाय चरा रहे थे। हमलावरों ने पहले डंडे से सुनील की पिटाई की और फिर ताबड़तोड़ तीन-चार गोलियां दागीं। दो गोलियां सिर में और एक गोली हाथ में लगने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मृतक मंडरा गांव निवासी स्वर्गीय रामविलास पासवान का पुत्र था। घटना की जानकारी मिलते ही कांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शव को कब्जे में लेने से परिजनों और ग्रामीणों ने रोक दिया। वे पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी सजा और मृतक परिवार को मुआवजा तथा सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। मृतक के बड़े भाई भोला पासवान ने बताया कि सुनील का गांव के ही एक व्यक्ति से जमीनी विवाद चल रहा था, जिसने मंगलवार को थाना में शिकायत के दौरान जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि उसी रंजिश में यह हत्या की गयी है।



घटना के करीब सात घंटे बाद सदर एसडीओ संजय कुमार और एडिशनल एसपी राहुल देव बड़ाइक मौके पर पहुंचे। एसडीओ ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 8.25 लाख रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी, पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन, अंबेडकर आवास योजना, मृतक के बच्चों को पढ़ाई हेतु सहायता राशि, सरकारी प्रावधानों के अनुसार दी जायेगी। एडिशनल एसपी ने कहा कि अपराधियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जायेगा, जल्द ही गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। उपस्थित अधिकारियों में गढ़वा डीएसपी नीरज कुमार, नगर अनुमंडल डीएसपी, इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, पूर्व थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, एसआई विद्यासागर, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफ्फीउलाह अंसारी समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे। राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधियों में क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य नेहा कुमारी, प्रतिनिधि दिनेश राम, मुखिया ललित बैठा, अरुण राम, आजाद समाज पार्टी नेता सिराज अहमद खान, लवकुश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एसडीओ के आश्वासन के बाद परिजन व ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम हेतु पुलिस को सौंप दिया।

## मृतक के परिजन से मिले भाजपा नेता मुन्ना चंद्रवंशी



प्रखंड के मंडरा गांव निवासी सुनील पासवान को अपराधियो ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी मिलते भी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्ट्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। साथ ही परिजनों से मिलकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया। इसके अलावा उन्होंने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने इस घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुये कहा कि ये घटना बहुत ही निंदनीय है। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। घटना के बाद मौके पर गढ़वा जिला के एसपी, डीएसपी इंस्पेक्टर सहित स्थानीय प्रशासन के कई पदाधिकारी पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गये है। मौके पर श्री चंद्रवंशी के साथ भाजपा नेता रविंद्र पासवान, सुनील पासवान, ललित बैठा सहित कई लोग मौजूद थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई का चुनाव 10 को होगा

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई के चुनाव को लेकर चुनाव की तिथियों की आधिकारिक घोषणा कर दी गयी है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी एवं चुनाव प्रभारी तस्लीम खान की ओर से जारी किये गये कार्यक्रम के अनुसार चुनावी प्रक्रिया 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 अगस्त को मतदान और परिणाम घोषणा के साथ संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर नामांकन फार्म का वितरण 1 अगस्त से 2 अगस्त दोपहर 3 बजे तक, नामांकन करने की अंतिम तिथि 2 अगस्त को शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक, नामांकन वापसी 3 अगस्त तक, स्क्रूटनी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन 4 अगस्त को शाम 6 से 8 बजे तक किया जायेगा। मतदाता सूची जारी 4 अगस्त को किया जायेगा। प्रचार अवधि 5 से 8 अगस्त तक, मतदान की तिथि 10 अगस्त सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं मतगणना 10 अगस्त को ही शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर उसी दिन परिणाम की घोषणा की जायेगी।

## बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को आयोजित समारोह में जेपीएससी की परीक्षा में 23वां रैंक हासिल करने वाले श्री बंशीधर नगर के तेजस्वी जायसवाल को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात स्कूल के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने तेजस्वी जायसवाल को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर तेजस्वी जायसवाल ने कहा कि परिश्रम का फल काफी मीठा होता है। कड़ी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई किया जाय तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं है। लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने के लिये आपको अंदर से फीट रहना होगा। स्कूल के चेयरमैन मनीष सिंह उर्फ सोनू सिंह ने तेजस्वी जायसवाल की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी तथा इसी तरह हमेशा स्कूल में मार्गदर्शन देने की अपील की। कार्यक्रम के में अंत मे बिरला की ओर से आयोजित परीक्षा में बेहतर करने वाले शिक्षकों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल रविश प्रजापति, विनोद सिंह, युवराज सिंह, तेजस्वी के पिता वीरेंद्र प्रसाद, माता, शिक्षिका भावना ओझा, अनामिका प्रजापति, काउंसलर ऋचा, पीयूष समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केसरवानी वैश्य सभा ने सावन उत्सव का किया आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। केसरवानी वैश्य सभा गढ़वा महिला समिति के तत्वावधान में स्थानीय डीएवी मॉडल स्कूल, चौधराना बाजार परिसर में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। इस शुभ अवसर पर सभा की अध्यक्ष मीरा कुमारी, उपाध्यक्ष ललिता केशरी एवं इंदु केसरी, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, कोषाध्यक्ष शकुंतला केशरी, महामंत्री संजू प्रकाश, एवं सदस्य लक्ष्मी केशरी, पुष्पा केशरी, गायत्री केशरी, निवर्तमान वार्ड पार्षद अंजू केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य रूप से संध्या केसरी, मीना केसरी, अंजू केसरी, निक्की केसरी, प्रतिमा, सविता, पुष्पा केसरी काफी संख्या में समाज की महिलाएं मौजूद रही।

## साइकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन

# भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को साइकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने स्कूली छत्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम में विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार गरीबों के हक में कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। वहीं प्रखंड के डीलर संघ ने विधायक को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, प्रमुख दीपा कुमारी, सीओ सह बीडीओ प्रमोद कुमार, अमरनाथ पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष झामुमो धर्मेंद्र सिंह, बंटू सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सखी मंडल की महिलाओं को दिया ट्रैक्टर



केतार/बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के भूमि संरक्षण निदेशालय (जेएएमटीटीसी) की ओर से केतार एवं भवनाथपुर प्रखंड की दो महिला समूहों को ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि कार्यों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। गढ़ परिसर में आयोजित एक समारोह के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने दोनों महिला समूहों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिये तत्पर है। जिन महिला समूह को ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया, उनमें सरस्वती जागृति महिला स्वयं सहायता समूह केतार, संतोषी आजीविका सखी मंडल बलीगढ एवं सूरज आजीविका सखी मंडल सिंहपुर का नाम शामिल है।

# झामुमो समाज को तोड़ता नहीं बल्कि जोड़ता है : मिथिलेश

**पूर्व मंत्री मिथिलेश ने एक हजार कांवरियों को किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को लगभग 1000 कांवरियों को बोल बम रवाना किया। सभी कांवरिए अपने घर, परिवार व झारखंड की खुशहाली तथा दिशोम गुरू शिबु सोरेन की स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ बोल बम के लिए रवाना हुए। बुधवार को पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों को बस एवं पूरे रास्ते की नाश्ता, खाना की व्यवस्था के साथ सभी को बोल बम भेजा।

बुधवार की सुबह सभी कांवरियों का जुटान पूर्व मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर हुआ। वहां से भोजन के बाद सभी चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर परिसर पहुंचे। वहां पूजा, अर्चना के बाद पूर्व मंत्री श्री ठाकुर सभी कांवरियों के साथ पैदल रंका मोड़ संकट मोचन मंदिर, गढ़देवी मंदिर होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा लगातार पिछले कई वर्षों से कांवरियों को बोल बम भेजता है। झामुमो की ओर से सभी जाति, धर्म के लोगों को उसके धार्मिक यात्रा को जाने में सहायोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां कुछ लोग जाति एवं धर्म के नाम पर समाज को बांटने एवं तोड़ने का काम करते हैं। जबकि झामुमो हमेशा समाज को जोड़ने का काम करता है। झामुमो सर्वजाति, सर्वधर्म सम्मान के रास्ते पर चलता है।

## अरसली उतरी पंचायत की मुखिया ने विधायक अनंत प्रताप को मांग पत्र सौंपा



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अरसली उतरी पंचायत में जनहित से जुड़ी अति उपयोगी कार्य को प्रारंभ कराने को लेकर पंचायत की मुखिया इशरत जहां ने मंगलवार को शाम अरसली उतरी में सड़क का शिलान्यास करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव को लिखित मांग पत्र सौंपी है। उन्होंने विधायक से मांग किया कि अरसली उतरी विकास कार्यों में अत्यंत पिछड़ा हुआ पंचायत है, यहां मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी व्याप्त है। उनकी मांगो में पंचायत में स्थित हाई स्कूल में पांच सौ छात्र छात्राएं अध्यनरत है, लेकिन विद्यार्थियों के बैठने के लिए एक भी कमरा दुरुस्त नहीं है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है, साथ ही छत का कंक्रीट टूट कर गिर रहा है, जिससे बच्चों के जान माल का खतरा है। विद्यालय के छत की मरम्मती कराना अत्यंत आवश्यक है, विद्यालय में चाहरदीवारी नहीं होने से विद्यालय असुरक्षित है,और विद्यालय संचालन में असुविधा उत्पन्न हो रही है। पंचायत के गुरुजी घाट नदी पर पुल निर्माण व राप्रावि झुमरी में चाहरदिवारी का निर्माण एवं छत की मरम्मती कराया जाये।

## रंका से सैकड़ों कांवरिया बाबाधाम के लिए रवाना

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से 30 जुलाई 2025 को रंका ठाकुर बाड़ी मंदिर के प्रांगण से सैकड़ों कांवरिया बाबाधाम के लिए रवाना हुए। इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, कंचनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार भुईयां, कार्तिक पांडेय, संजय पांडेय, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि युवा नेता पप्पू यादव सहित सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चे बच्चियां कांवरिया शामिल थे।

## 15 वर्षीय बालक की सर्पदंश से मौत

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बलियारी गांव स्थित बरवाडीह टोला में मंगलवार की रात15 वर्षीय छात्र छोटू कुमार, पिता अशोक राम, की मौत सांप के काटने से हो गयी। छोटू स्तरोन्नत हाई स्कूल बरवाडीह में कक्षा 9वीं का छात्र था। परिजनों के अनुसार, छोटू अपने घर में खटिया पर सोया हुआ था। रात में ही खटिया पर चढ़कर एक सांप ने उसे डंस लिया, लेकिन किसी को तत्काल इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

# एसडीएम ने नगर पंचायत का किया औचक निरीक्षण

**स्थानीय विधायक की शिकायत पर विकास योजनाओं की जांच, मिलीं कई विषंगतियां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा आज नगर पंचायत मझिआंव का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण स्थानीय विधायक श्री नरेश प्रसाद सिंह द्वारा नगर पंचायत में चल रही विकास योजनाओं में अनियमितताओं और गड़बड़ी की शिकायत के आलोक में किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शमशान शेड निर्माण, टेबल टेंडर, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जैम पोर्टल के माध्यम से की गयी खरीदारी सहित कई योजनाओं की विस्तृत जांच की।

निरीक्षण के क्रम में प्रथमदृष्टया कई अनियमितताएं और विषंगतियां सामने आईं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में कार्य गुणवत्ता, भौतिक कार्य, भुगतान प्रक्रिया आदि की जांच विशेष प्रमंडल के सहायक अभियंता के समन्वयात्मक सहयोग से एक-दो दिन में हो जायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक चयन की नमूने के तौर पर की गयी जांच के दौरान पाया गया कि लाभुकों के अभिलेख सही तरीके से संधारित नहीं है, स्थल जांच रिपोर्ट भी अपूर्ण है। शीघ्र ही विस्तृत जांच की जायेगी।

पूछताछ के क्रम में सामने आया कि यहां बड़ी संख्या में टेबल टेंडर की गयीं है, जो कि विकास योजनाओं की आदर्शात्मक टेंडर प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है।

# झामुमो सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरायी : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गया है। 108 सरकारी एंबुलेंस कर्मचारी हड़ताल पर चले गये हैं इससे राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है, तत्काल सेवा ठप हो चुका है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार हमेशा जनविरोधी नीतियों में लगी हुई है। एम्बुलेंस सेवा ठप होने से मरीजों को दम तोड़ने की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। हेमंत सरकार में बैठे स्वास्थ्य मंत्री बयान वीर बने रहते हैं, लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर वे कभी गंभीर नहीं है। झारखंड की जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा गढ़वा सहित पूरे झारखंड का स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गया है। एंबुलेंस के अभाव में गढ़वा जिले सहित पूरे झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गया है। विभागीय स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अगर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

# उपायुक्त ने एक दर्जन से अधिक कर्मियों पर एक साथ की कार्रवाई

**बीडीओ को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने सरकारी दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने एवं बगैर किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से कार्यालय में अनुपस्थित पाये जाने के विरुद्ध डंडई प्रखंड के लगभग एक दर्जन से अधिक कर्मियों पर कार्रवाई की है।

बताते चलें कि उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा दिनांक 16 जुलाई 2025 को प्रखंड -सह- अंचल कार्यालय डंडई एवं पंचायत भवन डंडई का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के क्रम में पंचायत भवन डंडई एवं प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय डंडई के लगभग एक दर्जन कर्मी बगैर किसी सूचना के अनधिकृत रूप से अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। फलस्वरुप सभी अनुपस्थित कर्मियों को अपना पक्ष रखने हेतु स्पष्टीकरण किया गया। उक्त के आलोक में प्राप्त स्पष्टीकरण का जवाब असंतोषजनक पाये जाने की स्थिति में सभी पर दंडात्मक कार्रवाई की गयी।

उपायुक्त श्री यादव द्वारा दिनांक 16 जुलाई 2025 को प्रखंड कार्यालय डंडई का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान जितेंद्र गंझु, कनीय अभियंता 15वें वित्त, मनोज कुमार पांडे, कनीय अभियंता 15वें वित्त एवं विकास कुमार इ.उ. (बीपीएमयू) समेत जितेंद्र कुमार रजक लेखा सहायक, प्रेमचंद वर्मा ग्राम रोजगार सेवक, अनिल करकेट्टा ग्राम रोजगार सेवक, विनय कुमार चौबे ग्राम रोजगार सेवक एवं रोहित कुमार बीएफटी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये थे। प्राप्त स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने के उपरांत उपरोक्त सभी को तत्काल प्रभाव से कार्य करने हेतु रोक लगायी गयी एवं रोक अवधि के दौरान मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## डीसी ने मझिआंव और बिशुनपुरा प्रखंड कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले के प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने मझिआंव एवं बिशुनपुरा प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की उपस्थिति व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। श्री यादव ने कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर, योजनाओं से संबंधित फाइलें, लाभुक सूची एवं विभिन्न योजनाओं के भौतिक व वित्तीय प्रगति से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि कुछ जगहों पर अद्यतन प्रविष्टियों में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त रजिस्टर एवं अभिलेख समय से अद्यतन किये जाएं तथा कार्यालयी कार्यों में शिथिलता को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शी कार्य प्रणाली ही जिले की विकास यात्रा को गति प्रदान कर सकती है।

## पारा मेडिकल कर्मियों का स्थानांतरण विवाद, उपायुक्त से लगायी न्याय की गुहार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के नियमित एवं अनुबंधित पारा मेडिकल कर्मियों (एएनएम, जीएनएम, प्रयोगशाला तकनीशियन आदि) ने सामूहिक रूप से उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किये जा रहे 'अकारण सामूहिक स्थानांतरण' का विरोध किया है। कर्मियों का कहना है कि वे सभी बहुत ही कम मानदेय पर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद अचानक और बिना किसी स्पष्ट निर्देश के उनका स्थानांतरण किया जा रहा है। कर्मियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में न तो राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक और न ही स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा कोई निर्देश जारी किया गया है। इस स्थानांतरण को मानसिक और आर्थिक शोषण बताते हुए कर्मियों ने इसे असंवैधानिक और अमानवीय बताया है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि इस प्रक्रिया को तुरंत रोका जाये। साथ ही, स्थानांतरण के लिए मांगे गये विवरणी का प्रारूप भी अपने पत्र के साथ संलग्न किया है।

Government of Jharkhand
**Urban Development & Housing Department**
**Ranchi Smart City Corporation Limited**
2nd Floor, JUPMI Building, Plant PlazaRoad, Dhurwa, Ranchi-834004 | CIN: U45309JH20165GC009206
E-mail-ranchismartcity@gmail.com | Phone: +91 244 6666

Letter No. : RSCCL/App./141/2018/384 Date: 29/07/2025
Ref PR 353030

**Recruitment Notice**

Ranchi Smart City Corporation Limited (RSCCL), Ranchi invites application from interested professionals/candidates for the post Company Secretary on purely contractual basis for "Ranchi Smart City Corporation Limited" under centrally sponsored "Smart City Mission".

| Sl. No. | Name of the Post | Total No. of Post | Consolidated Monthly Remuneration (Rs.) | Essential Qualification & Experience | Age |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Company Secretary | 1 | 75,000/- | Graduation in any discipline with at least 60% marks or equivalent grade point average and Member of Institute of Company Secretaries of India. Preference will be given to those candidates who are also Member of Chartered Accountants of India or Cost Accountants of India. Not less than 7 years of post-qualification experience as Company Secretary in reputed organization. | Age of the candidates should not exceed 45 years as on last date fixed for submission of the application. In case of retired candidate, age limit is extended to 62 years as on last date fixed for submission of the application. |

1. **Terms of Engagement:** The appointment of professionals will be purely on contract basis for a period of (3) Three years, which may be extended after the annual review of performance, and desired output. However the contract may be terminated in the case of unsatisfactory service in two month notice by either side.
2. Thesuccessfulcandidatewillhavetosignacontractualagreementintheprescribedformat.
3. Thecontractshallnotconferanyrightsorclaimofextension/absorptionintheCompany.
4. Applicants who are in employment with Government, Semi-Government, Autonomous Bodies, Public Sector Undertakings and other Government sponsored institutions should route their application through proper channel.
5. **Last date of receipt of Application:** 19th August 2025 till 05:00 PM.
6. The scope of work, detail job description, requisite qualification and experience for the above mentioned posts, and for other details, please visits Notice section of the website https://www.rsccl.in/
7. Theselectionofthecandidatewillbecompletelyonthebasisof Essential Qualification, Additional qualification, Experience and Interview. The decision of the Company is final and binding. The Company reserved itsrights to accept or rejectanyapplications,withoutassigningreasonsthere for.
8. **How to Apply:** Duly filled application in prescribed format along with attested copy of the proof of age, qualification and experience should be sent through the registered post/speed post/courier to the **CEO, Ranchi Smart City Corporation Ltd, 2nd Floor, JUPMI Building, Plant Plaza Road, Dhurwa, Ranchi – 834004 Jharkhand.** The application form made available by hand shall not be entertained. Original qualification certificates and proof of previous employment has to be produced during the time of interview.
9. Candidates who have applied previously against recruitment notice no 261 dated 20/05/25 need not to apply again .Their candidature will be considered for this recruitment notice.
10. On behalf of Ranchi Smart City Corporation Limited, the department reserves the right to cancel / postpone the recruitment if so required.No claim will be admissible in case of such cancellation / postponement.

**Chief Executive Officer**
**Ranchi Smart City Corporation Limited**
PR 358607 Urban Development (25-26)_D

## परहैया टोला का ट्रांसफॉर्मर जला आदिवासी समुदाय की बढ़ी परेशानी

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम चटुआग के परहैया टोला में दो दिन से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है, इसके कारण आदिम जनजाति और आदिवासी समुदाय के करीब 60 घरों में अंधेरा छा गया है, दो सौ से अधिक जनसंख्या बिजली के लिए तरस रही है। जानकारी मिलते ही पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने गांव का दौरा किया लोगों से मिलकर जलें ट्रांसफॉर्मर के संबंध में जानकारी ली। किसान और ग्रामीण राजकुतार परहिया, कुलेशर परहिया, सुलेंदर परहिया, दुखन परहिया, फिरंगी परहिया, सुनील परहिया, मुकेश परहिया, अशोक परहिया, जागो परहिया, चरका परहिया, सनिका मुण्डा, बुधराम बरला अन्य ने बताया कि बिजली से छात्र छात्राएं काफी परेशान हैं। बिजली रहने से पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी कर लेते थे, अभी खेती का समय है खेतों में थोड़ा बहुत पटवन कर खेती करते थे, ऐसे समय ट्रांसफार्मर के जल जाने से किसानों को काफी परेशानी बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित कार्य प्रभावित हो गया। दो दिनों से बिजली आपूर्ति पुरी तरह से ठप है। शाम होते ही गांवों में अंधेरा छा जा रहा है, मोमबती-ढिबरी के सहारे किसानों की जीवन बीत रही है। इधर इस संबंध में कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर ग्रामीण जमा किये हैं एक-दो दिन में वहां बिजली बहाल हो जायेगी।

## प्रशासनिक टीम ने हेरहंज का किया दौरा



**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय अधिकारियों की एक टीम ने प्रखण्ड हेरहंज का व्यापक दौरा किया। सर्वप्रथम बीडीओ सह सीओ अमित कुमार ने उपायुक्त का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रखंड परिसर में उपायुक्त गुप्ता ने कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। इसके बाद उन्होंने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचकर कक्षा दसवीं की छात्राओं से संवाद किया तथा विद्यालय की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आइसीपी घंटी आधारित शिक्षिका लक्ष्मी गुप्ता के उत्तर असंतोषजनक पाये गये, जिसके कारण उन्हें तत्काल निलंबित किया गया। साथ ही परहिया टोला स्थित हूर आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका एवं सुपरवाइजर पर कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर कार्रवाई की गयी। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित आवासों में लाभुकों को गृह प्रवेश भी कराया गया। अंत में टीम पातम-डाटम जलप्रपात पहुंची, जहां आइटीडीए के प्रवीण कुमार गगराई का जन्मदिवस मनाया गया एवं वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सईद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, एनडीसी संजीत कुमार, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रेशमी लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंष कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, ओएसडी श्रेयांस कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलको, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजश्री पूरी, इसके अलावा प्रखंड एवं अंचल कर्मी, मनरेगा कर्मी तथा स्थानीय ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थिति थे।

## सेन्हा में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में कक्षा दशम के भैया बहनों के लिए एक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी और मातृ शक्ति आशा देवी और चिंता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने गोष्ठी का उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि भैया बहनों का शैक्षणिक प्रगति अनुशासन, अनुशासन, संपूर्ण विकास और आगामी दसवीं बोर्ड परीक्षा पर विचार विमर्श करना एवं सही दिशा में लक्ष्य के अनुरूप आगे बढ़ने की योजना से भैया बहनों और अभिभावकों को अवगत कराना गोष्ठी का उद्देश्य है। वही प्रधानाचार्य के साथ अभिभावकों ने खुल कर अपनी बातें रखी और विद्यालय स्तर पर होने वाला हर गतिविधि की सराहना की गयी तथा विद्यालय में भैया बहनों की कमी को भी सहज ही दूर करने का सुझाव दिया गया। साथ ही प्रधानाचार्य ने कहा सहयोगी अभिभावक एवं कर्मठ आचार्य आचार्या बच्चों का सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभिभावक गोष्ठी छात्रों के शैक्षणिक और सामाजिक भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शांति मंत्र के साथ आयोजित गोष्ठी का समापन किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या तथा अभिवावक और भाई-बहन उपस्थित थे।

## वेदिक सोसाइटी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर दिया जोर



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर वेदिक सोसाइटी की पहल पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन परिसर में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आये। इस कार्यक्रम में जिला बाल सरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बाल कल्याण समिति के सदस्य आशा कुसुम तिग्गा, आरती कुमारी, स्टेशन मास्टर अरुण कुमार एवं उनके सहयोगी, रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सहायक अवर निरीक्षक विनोद कुमार राय एवं उनके सहयोगी, बाल संरक्षण इकाई के पीओआइएनसी एम राजा, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक जय मगलम पासवान, पर्वेक्षक विजय कुमार, मोहन पाल, केस वर्कर संगीता कुमारी, जुलकर नैन विनोद प्रजापति वेदिक सोसाइटी के प्रेम प्रकाश, रूबी कुमारी ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों और विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है। वेदिक सोसाइटी देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और लातेहार में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बालश्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बालविवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके काम काज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराये गये बच्चों के लिए तय समय सीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

# मोंगर में घर से 1.35 लाख नगद और गहनों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के मोंगर ग्राम में 29 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़ कर चोरी कर ली। चोर घर से नगदी और जेवर आदि ले कर फरार हो गये। इस संबंध में पीड़िता प्रिया कुमारी पति स्व चंचल प्रसाद ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए एक आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि वह पिछले 24 जुलाई से अपना इलाज कराने के लिए रांची गयी थी। घर में कोई नहीं था। इसी दौरान 29 जुलाई को अज्ञात चोर ने घर का मेन ग्रील तोड़ कर घर के अंदर से बक्सा और आलमीरा में रखे 1.35 लाख रुपये, पायल एक जोड़ा, कान की बाली एक जोड़ा, नाक का तीन जोड़ा, सोने का लॉकेट, कान का टॉप व चांदी का सिक्का के अलावा उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि की चोरी कर ली। चोरों ने तीन दरवाजों का ताला तोड़ा है। परिजनों ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी में दो चोरों को घर के बाहर चहलकदमी करते देखा जा सकता है। चोरी की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो सदल बल मौके पर पहुंचे और घटना का मुआयना किया। उन्होने शीघ्र ही इस चोरी का उद्भेदन कर देने और चोरों को पकड़ लेने का दावा किया है।

## लोहरदगा शहर में पहुंचा हाथी, लोगों में दहशत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा शहर में इन दिनों जंगली हाथी का आतंक बना हुआ है। शहरवासियों के लिए बीती रात किसी डरावने सपने से कम नहीं रही, जब एक जंगली हाथी ने शहर के रिहायशी इलाकों में दस्तक दे दी। न्यू रोड, वीर शिवाजी चौक, पावरगंज, किस्को मोड़ जैसे क्षेत्रों में हाथी को घूमते देखा गया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैल गयी है। शहर के सड़कों पर घूमते हाथी को देखने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गये। वहीं कुछ लोगों ने मशालें लेकर और तेज रोशनी कर हाथी को भगाने की कोशिश की, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो गयी। वन विभाग द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद भीड़ ने शोर-शराबा करना नहीं छोड़ा। हाथी के शहर में आने की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गयी। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी के पास न जाएं और न ही कोई उत्तेजक गतिविधि करें। हाथी को सुरक्षित वन क्षेत्र में पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं।

## अग्निवीर वायु सेना में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अग्निवीर वायु इंटेक 02/2026 (अग्निपथ योजना) अंतर्गत भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 11 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 के रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। ऑनलाईन परीक्षा 25 सितंबर 2025 से प्रारंभ होगी। अग्निवीर वायु के भर्ती प्रक्रिया में फेज-1 में ऑनलाइन टेस्ट होगा। फेज-2 में शैक्षणिक योग्यता संबंधित जांच के बाद फिजिकल फिटनेस टेस्ट आयोजित की जायेगी। इसके अंतर्गत 1.6 किमी की दौड़ होगी। इसी फेज में पुरुष वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पुश-अप, सिट-अप और स्क्वेट्स तथा महिला अभ्यर्थियों को सिट-अप और स्क्वेट्स टेस्ट से गुजरना होगा। फेज-थ्री में अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच की जायेगी।

# पांच महीनों से सफाईकर्मियों को वेतन नहीं मिला, हड़ताल की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**त्योहार बिना भोजन, इलाज के अभाव में गयी जान**

**इस लंबे अंतराल में सफाईकर्मियों के समक्ष अनेक विकट परिस्थितियां उत्पन्न हुईं। वर्षा ऋतु में बीमार बच्चों का इलाज न हो पाने के कारण सफाईकर्मी बीरजू उरांव की पुत्री की मृत्यु हो गये। त्योहार बिना राशन के बीत गए, दुकानदार उधार देने से इनकार करने लगे। जो थोड़ी बहुत जमीन थी, उसमें खेती करना भी अब असंभव हो गया है।**

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा में श्री श्याम एसडब्लूएम प्रालि के संरक्षण में कार्यरत सफाईकर्मी आगामी 31 जुलाई 2025 को पांच माह बिना वेतन पूरा कर लेंगे। सफाईकर्मियों का कहना है कि वे लगातार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक शोषण का सामना कर रहे हैं। तीन माह पूर्व नगर प्रशासक द्वारा 8 दिनों में भुगतान का आश्वासन दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका है।

इसके पश्चात श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में तीन बार त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गयी, जिसमें कंपनी के हेड मैनेजर श्री संजीव कुमार ने हर बार 1-2 दिन में वेतन भुगतान का भरोसा दिया, लेकिन वह भी केवल आश्वासन तक सीमित रहा। सफाईकर्मी सामूहिक रूप से कहना चाहते हैं कि वे जनता को असुविधा नहीं देना चाहते, लेकिन अगर एक सप्ताह के भीतर वेतन भुगतान नहीं हुआ, तो हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जवाबदेही नगर प्रशासन पर होगी। हम, झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, उपायुक्त लोहरदगा से पुनः आग्रह करते हैं कि दलित-पीड़ित सफाईकर्मियों की पीड़ा को समझें और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप करें। महासंघ आपके सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगा।

गौरतलब है कि नगर परिषद लोहरदगा को सफाईकर्मियों की मेहनत के बल पर एक बार राष्ट्रीय और एक बार राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

# केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक, लिये गये कई निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सत्र 2025-26 में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार के विद्यालय प्रबंध समिति की पहली बैठक विद्यालय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक और परीक्षा परिणामों पर चर्चा की गयी। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में पीएम श्री केद्रीय विद्यालय के छात्र जिला में टॉपर रहे हैं। उन्होने बताया कि छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले, इसके लिए शिक्षकों को नयी शिक्षा नीति के तहत अपडेट किया जाता है और उनका प्रशिक्षण भी कराया जाता है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रय समिति का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा पुराने कंप्यूटर व अन्य क्षतिग्रस्त सामग्रियों का निस्तारण की अनुमति दी गयी। बैठक में कंप्यूटर लैब के लिए दो एसी, पुस्तकालय के पुस्तकें, आवश्यक फर्नीचर व अन्य शैक्षणिक व खेल सामग्रियों का क्रय करने के लिए अनुमोदन किया गया। बैठक में विद्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा विद्यालय के वॉश रूम में लोहे के दरवाजे एवं अन्य खराब उपस्करों को ठीक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि खेल मैदान को विकसित करने के लिए मैदान के बीच में लगे पेड़ों को कटवाना आवश्यक है और इसके लिए पूर्व में कई बार संबंधित विभाग को पत्राचार किया जा चुका है। बैठक में संबंधित विभाग से पुनः पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कक्षाओं एवं आंतरिक परिसर का रंग रोंगन कराया गया है। बैठक में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आर पासवान, सिविल सर्जन प्रतिनिधि डॉ शोभना टोप्पो, आशीष टैगोर, संत जेवियर एकेडमी की प्राचार्य, अभिभावक सदस्य आभा टोप्पो, मनोज पवइया आदि शामिल थे।

## फंड और मानदेय से वंचित मुखिया, गांवों में विकास कार्य ठप

**भंडरा (लोहरदगा)।** एक ओर सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। लगभग दो वर्षों से विकास फंड और मानदेय से वंचित पंचायत प्रतिनिधि अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं। मुखियाओं का कहना है कि उन्हें न तो कोई अधिकार मिल रहा है, न संसाधन और न ही समय पर मानदेय। विकास फंड के अभाव में गांवों में नाली, सड़क, पीसीसी, सोलर लाइट, हैंडपंप मरम्मत जैसे छोटे-छोटे कार्य भी अधर में लटके हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई मुखिया सामाजिक कार्यक्रमों, टूर्नामेंट या ग्राम विकास में सहयोग देने में भी असमर्थ हो गये हैं। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि हम बड़ी उम्मीदों के साथ जनता के बीच पहुंचे थे, लेकिन अधिकार और संसाधनों के अभाव ने हमें लाचार बना दिया है।

# लोहरदगा से श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा टांगीनाथ धाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** श्रावण माह के पावन अवसर पर हिंदूवादी संगठन लोहरदगा जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में बुधवार सुबह 8 बजे पावरगंज चौक से श्रद्धालुओं का विशाल जत्था बसों से गढ़गांव की 1200 फीट ऊंची प्राचीन गुफा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और गुमला जिले के प्रसिद्ध टांगीनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ। महिला, पुरुष और बच्चों समेत लगभग 250 श्रद्धालु इस दिव्य यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने महादेव मंडा, बुढ़ा महादेव और छोटा अमरनाथ के नाम से प्रसिद्ध गढ़गांव की प्राचीन गुफा में जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कठिन 1200 फीट ऊंचाई तक की चढ़ाई में कई भक्तों को कठिनाई हुई, जहां झखरा जय श्रीराम समिति के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय सहयोग दिया। समिति ने असमर्थ श्रद्धालुओं को मोटरसाइकिल और छोटी गाड़ियों से ऊपर तक पहुंचाया, जिसके लिए भक्तों ने आभार व्यक्त किया। गुफा दर्शन के बाद श्रद्धालु टांगीनाथ धाम पहुंचे, जहां भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे रास्ते माताएं और बहनें भजन-कीर्तन करती रहीं, ढोल-मंजीरे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और हर तरफ हर-हर महादेव तथा जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। टांगीनाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मंगलकामनाएं मांगी और इसी पावन स्थल पर जय श्रीराम समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। समिति की संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि श्रावण माह में भोलेनाथ का नाम स्मरण और पूजन करना अत्यंत शुभ और फलदायी होता है। जय श्रीराम समिति का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु देश के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करें। इस दिव्य अवसर पर शैलेश कुमार महतो, परमेश्वर साहू, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, लक्ष्मी भगत, ओम महतो, प्रवीण दत्ता, बजरंग करवा, शिवम् आकाश, रत्नेश कुमार विक्की कसेरा, जिला उपाध्यक्ष नितेश जैसवाल,अनुज कुमार महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, त्रिलोकी सिंह, शिवकुमार सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## लोहरदगा में जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शुरू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र, लोहरदगा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों के जनप्रतिनिधियों मुखिया, वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधान के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा के महत्व को रेखांकित करना एवं पेसा कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम स्तर पर शासन और विकास कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। ज्ञात हो कि लोहरदगा एक अनुसूचित जिला है, जहां इस अभियान के तहत निरंतर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विमलेश कुमार, सभी प्रखंड समन्वयक, यूपीकॉन के सदस्य, प्रशिक्षकगण, मुखिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लगातार बारिश से गिरा किसान का घर



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण झलजमीरा पंचायत के गगेया छापरटोली गांव में एक गरीब किसान का कच्चा खपरैल मकान गिरकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात हुई तेज बारिश के कारण ग्राम निवासी स्व. घुड़ा उरांव के पुत्र रामा उरांव का मकान धराशायी हो गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन घर में रखे दैनिक उपयोग की वस्तुएं और खाद्य सामग्री मलबे में दबकर नष्ट हो गयी। इस हादसे से किसान रामा उरांव को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मकान के गिर जाने से अब उन्हें अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## साथी कैंपेन योजना में 44 बच्चों का आधार कार्ड बना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने साथी कैंपेन योजना के तहत बच्चों का बनाया गया आधार कार्ड। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राज कमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के दिशा निर्देशानुसार बड़की चांपी पंचायत में पीएलवी प्रभु दयाल पांसी के द्वारा साथी कॅपेन योजना के तहत 44 बच्चों का आधर कार्ड बनाया गया। घरेलु हिंसा, विधवा पेंसन, अबुआ आवास, लोक अदालत, साइबर क्राइम, डायन विसाही, मनरेगा, बाल विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना, पंचायत में हो रहे वृद्धा पेंशन का वेरीफाई, डायन बिसाही इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस मौके पर रितेश साहू, दिनेश कुमार शुकला, शंकर उरांव, राजन प्रजापति, संतोष महतो, कुलदीप उरांव, आरबिंद पांसी, बनारसी तुरी, विफई भगत, अजय लोहरा सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## बीडीओ ने उदरंगी पंचायत का किया भ्रमण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में अपूर्ण योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के उदरंगी पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उदरंगी पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण कर कार्य प्रगति लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीएम आवास, अबुआ आवास योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर अपूर्ण आवास योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने उदरंगी पंचायत सचिव मनीष कुमार, जनसेवक धर्मदास भगत को हर हाल में अपूर्ण योजनाओं को पूरा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं को गति देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अबुआ और पीएम आवास योजना के लाभुकों को मनरेगा के तहत मिलने वाली राशि का समय से भुगतान करें, ताकि लाभुकों को आवास योजना के दौरान किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी से मुलाकात कर पीसीसी, नाली नहीं रहने से उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया है।

## सरकार जरूरतमंदों की कर रही है स्वास्थ्य सहायता : निशीथ जायसवाल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आवश्यक बैठक सिविल सर्जन राजू कच्छप की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शामिल हुए और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। भंडरा के भिट्ठा निवासी गायत्री देवी को गंभीर बीमारी स्वास्थ सहायता अन्तर्गत राशि 4,99ह्व412 एवं तिवारी दुरा कोयरी मुहल्ला लोहरदगा निवासी कमल कांत मौर्य को किडनी प्रत्यारोपण के लिए राशि 7,45,400 और ओयना हिरही निवासी जहाना खातून को कैंसर बीमारी के इलाज के लिए राशि 4,98,698 प्रदान किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि झारखंड सरकार सभी कार्यों को करने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत जरूरतमंदों की बेहतर स्वास्थ्य सहायता कर रही है इसी को लेकर आज लोहरदगा जिला अंतर्गत गंभीर बीमारी से जूझ रहे रोगियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई ताकि वे सुचारु रूप से अपना इलाज करा सके और स्वास्थ्य लाभ पा सकें। हमारे स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव स्वास्थ्य सहायता के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल से लेकर रिम्स तक की सुविधा के लिए प्रयासरत है और बराबर इसकी समीक्षा करते रहते हैं ,झारखंड सरकार गंभीर बीमारियों के निदान पर एकमुश्त लाभ प्रदान करती है जो रोगियों को मनोबल प्रदान करता है यह लाभ चिकित्सा खर्चों, खोई हुई आय और अन्य वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद करता है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
09

# नर्सों की लापरवाही से गर्भ में ही बच्चे की मौत, महिला की हालत भी गंभीर

## परिजनों ने डीसी एवं सिविल सर्जन को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्सों की लापरवाही का एक और मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि नर्सों की लापरवाही से गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गयी। जबकि महिला की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में महिला के परिजनों ने पलामू डीसी समीरा एस और सिविल सर्जन अनिल श्रीवास्तव को आवेदन देकर दोषी नर्सों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के नावाडीह कला निवासी रंजीत विश्वकर्मा की पत्नी माया देवी को प्रसव पीड़ा के बाद 25 जुलाई की शाम सात बजे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जांच के बाद नर्सों ने माया देवी के परिजनों को आश्वस्त किया कि सब कुछ ठीक है। दो घंटे में सामान्य प्रसव हो जायेगा। माया देवी के ससुर श्याम बिहारी विश्वकर्मा का आरोप है कि प्रसव जल्द कराने के चक्कर में नर्स माया के पेट पर चढ़ गयी। दर्द से चीखने पर उसे कई थप्पड़ भी मारा गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर पीड़िता के साथ गयी महिलाएं प्रसव वार्ड में पहुंची और नर्सों की प्रताड़ना अपनी आंखों से देखी। बाहर निकलकर उन लोगों को इसकी जानकारी दी। तब तक माया देवी अचेत हो चुकी थी। आनन-फानन में उसे एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि नर्सों की लापरवाही से बच्चा गर्भ में ही मर चुका है। इसरे बाद ऑपरेशन कर मृत बच्चे को बाहर निकाला गया। वहीं माया देवी की स्थित अभी भी गंभीर बनी हुई है। श्याम बिहारी विश्वकर्मा ने यह भी बताया कि डॉक्टरों के अनुसार उनकी बहू का गर्भाशय भी फट गया है। उन्होंने बुधवार को पलामू डीसी एवं सिविल सर्जन अनिल श्रीवास्तव को लिखित आवेदन देकर दोषी नर्सों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई : चिकित्सा प्रभारी

**उधर, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि पीड़ित महिला के परिजनों द्वारा नर्सों पर गंभीर आरोप लगाया गया है। इसकी गहनता से जांच होगी। जांच में आरोप सही पाया गया तो नर्सों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।**

# मधुपुर रेलवे स्टेशन से वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार,14 बाइक बरामद

## धनबाद-गिरिडीह में करता था चोरी, सीसीटीवी फुटेज से खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** रेल थाना में विगत 20 जुलाई को दर्ज कांड संख्या 33/2025 (धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस) के तहत रेलवे स्टेशन परिसर से बाइक चोरी की घटना में लिप्त आरोपित का सीसीटीवी फुटेज बरामद हुआ। इसी आधार पर मंगलवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को घूमते पकड़ा गया। उसकी पहचान सुनील ठाकुर (28) के रूप में हुई। वह धनबाद के मनियाडीह थाना क्षेत्र के चरकखुर्द का रहने वाला है। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने न सिर्फ मधुपुर रेलवे स्टेशन से 20 जुलाई को हुई चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता, बल्कि धनबाद रेलवे स्टेशन से 11 जुलाई को हुई चोरी के अलावा धनबाद और गिरिडीह जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 13 बाइक की चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद के निर्देश पर थाना स्तर से एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसने मधुपुर रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बाइक को गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पुरनी पटरिया गांव से रोहित यादव (21) के पास से बरामद किया। इसके अलावा धनबाद रेलवे स्टेशन से चोरी गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। अब तक आरोपी के बयान और छापामारी के आधार पर कुल चोरी की 14 बाइक बरामद की जा चुकी हैं। छापामारी दल में मधुपुर रेल थाना प्रभारी कार्तिक कुमार महतो, जीआरपी के सब इंस्पेक्टर अरविंद प्रसाद सिंह, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धमेंद्र प्रसाद, आरपीएफ पोस्ट मधुपुर आरक्षी दुलाल पांडेय एवं आरक्षी मुकेश दास शामिल थे। रेल पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। वहीं, पुलिस की मानें तो पकड़े गये आरोपी सुनील ठाकुर का आपराधिक इतिहास पहले से भी रहा है। फिलहाल अनुसंधान एवं छापामारी की कार्रवाई लगातार जारी है।



# पुरनचंद की राह पर चलना मेरे लिए गौरव: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूरनचंद विचार मंच की ओर से पच मुहान में स्वर्गीय पुरनचंद की प्रतिमा पर गणमान्य लोगों ने पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मैं तो उनसे मिली नहीं, लेकिन जब भी उनकी पुण्यतिथि या किसी कार्यक्रम में आती हूं हमेशा कुछ न कुछ अभिभावकों से उनके बारे उनकी कृति को सुनती हूं। इससे हम सभी के मन में और भी सम्मान बढ़ जाता है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर मैं स्वर्गीय पुरनचंद जी के पद चिन्हों पर थोड़ा भी चल सकी तो खुद को धन्य समझूंगी। इस मौके पर पूरन चंद विचार मंच के अध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, रामचंद्र केसरी, ज्ञानचंद पांडे, तारकेश्वर आजाद, बलराम तिवारी, युगल किशोर प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, शैलेश चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम, रवि पाल, अभिजीत कुमार, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, सुनील प्रसाद, ललन प्रजापति, रिया चंद्रवंशी, संतोष प्रसाद, राजीव रंजन एवं सीएस दुबे आदि उपस्थित थे।


# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, कई का किया तत्काल समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। लोगों की बातों को सुनते हुए डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने की बात कही। जनता दरबार में चैनपुर से आये 75 वर्षीय अनिल कुमार सिंह ने डीसी को बताया कि उनकी उंगलियां काम नहीं करती, जिस कारण उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। इस कारण आयुषमान कार्ड बनाने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि वो हर्निया से पीड़ित है, जिसका उन्हें इलाज कराना है। उन्होंने डीसी से राशन कार्ड को चालू कराने एवं आयुषमान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। इसी तरह पांकी के बहेरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत शिक्षक राजीव रंजन ने अपने बेटे के बीमारी का हवाला देते हुए अपना ट्रांसफर मेदिनीनगर करने को लेकर अनुरोध किया। इसी तरह शहर के हमीदगंज से आये कृष्णा राम ने कहा कि उनको 15 वर्ष का सरकारी गाड़ी चलाने का अनुभव है, वो पूर्व में भूमि सुधार उप समाहर्ता का वाहन चलाया करते थे, लेकिन कुछ दिनों तक स्वास्थ खराब रहने के कारण उन्हें यह कार्य छोड़ना पड़ा। इसके बाद डीसीएलआर द्वारा नया वाहन चालक रख लिया गया। उन्होंने डीसी से कहीं भी चालक के रूप में कार्य देने का अनुरोध किया। वहीं, हरिहरगंज से आयी बिंदा देवी ने अपने मृत पति जो चौकीदार थे उनका एसीपी/एमएसीपी का लाभ अबतक नहीं दिए जाने की बात कही। इसके अलावा जनता दरबार में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता रोकने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, फर्जी आंगनवाड़ी सेविका के चयन होने, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास दिये जाने, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा, कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।



## बीडीओ ने किया बालिका आवासीय और ढाब कला विद्यालय का निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बुधवार को कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय और ढाब कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा विभाग के बीपीएम शशिकांत कुमार और महिला प्रवेक्षिका निशी किरण शामिल थे। आवासीय विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पूर्णकालिक शिक्षकों में से दो शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जबकि 6वीं कक्षा में 75 चयनित छात्राओं के एवज में केवल 54 छात्राओं के ही नामांकन पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के माता पिता से संपर्क कर नामांकन की प्रक्रिया जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही गार्ड के छुट्टी में जाने पर थाना को लिखित रूप में सूचना देने का निर्देश दिया। बीडीओ ने ढाब कला में अस्थाई रूप से संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया और प्रधानाध्यापक को कई सुझाव दिए।**

## राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर कारकेड रिहर्सल



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के देवघर आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था चौक चौबंद की जा रही है। इसी कड़ी में देवघर एयरपोर्ट से निर्धारित रूट होते हुए एम्स तक मॉक ड्रिल किया गया। ट्रायल कारकेड की सुरक्षा के दौरान निर्धारित रूट लाईन पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। राष्ट्रपति के कारकेड में प्रोटोकॉल के अनुरूप वाहन होंगे। इसमें वार्निंग कार के साथ ही स्टेट प्रोटोकॉल की टीम की कार, एंबुलेंस, बैगेज वैन सहित टेल कार होगा। इन सभी वाहनों का एमवीआइ जांच एवं एंटीसेबोटॉज जांच करवाकर पुलिस बलों के साथ सुरक्षा घेरे में रखा रहेगा। साथ ही राष्ट्रपति का ब्लड ग्रुप भी एंबुलेंस में उपलब्ध रहेगा। एंबुलेंस वाहन में चिकित्सा दल, आवश्यक उपकरण और जीवन रक्षक दवाइयां होंगी। साथ ही शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सुरक्षा-यातायात व्यवस्था को देखते हुए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल नियुक्ति किये गये है।

## श्रावणी मेला के 20वें दिन बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने अहले सुबह से किया जलार्पण



**देवघर (आजाद सिापही)।** राजकीय श्रावणी मेला के 20 वें दिन बुधवार को बाबा मंदिर प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्रों के अलावा अन्य रूटलाइन श्रद्धालुओं से पटा दिखा दिखा। इस दिन सुबह 4.12 बजे से जलार्पण शुरू होते ही पूरा मंदिर परिसर बोल-बम के नारों से गुंज उठा। वहीं, बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण के लिए श्रद्धालु रात से ही कतारबद्ध होने लगे थे। साथ ही बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित जलार्पण कराया जा रहा है।

## ग्रेटर एसएलए स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर ग्रेटर एसएलए पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य में सुधार को लेकर साइकिल के महत्व के विषय पर प्रसिद्ध टीआई साइकिल कंपनी की ओर से बुधवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल बच्चों को टीआई साइकिल कंपनी की ओर से बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान पाने वाले को कंपनी की ओर से एक साइकिल भी दी गयी। इसके पूर्व पलामू जिला व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रेटर एसएलए स्कूल के निदेशक मुकेश अग्रवाल, हरक्यूलिस साइकिल कंपनी के राकेश कुमार, रारा साइकिल के आदित्य जैन, लायंस क्लब के रोहित जैन, मनीष भिमानिया, विनय कुमार बिन्नू उपस्थित थे। इस बीच स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रभात अग्रवाल ने कहा कि साइकिल हम सभी की प्रथम सवारी रही है। यह पॉल्यूशन मुक्त है। ज्यादा से ज्यादा साइकिल का उपयोग कर हम लोग पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। कहा कि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य लाभ भी भरपूर मिलता है। हमें साइकिल के महत्व को समझना चाहिए तभी हम पर्यावरण को बचा सकते हैं। वहीं, विद्यालय के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण धीरे-धीरे विश्व की गंभीर समस्या बनती जा रही है। आजकल लोग साइकिल को भूल गए हैं और पॉल्यूशन वाले वाहन ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जिससे न केवल पर्यावरण को खतरा है बल्कि स्वास्थ्य का भी नुकसान है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी है और हम सबी को साइकिल को प्राथमिकता देनी चाहिए। अंत में टी साइकिल कंपनी के राकेश कुमार ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को साइकिल प्रदान की। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम का संचालन ग्रेटर एसएलए स्कूल की प्रधानाध्यापिका मधु अग्रवाल ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने किया।

## वज्रपात की चपेट में आकर महिला घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत तेनुडीह गांव में भारी बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से बाबूलाल बैठा की पत्नी निर्मला देवी (45) घायल हो गई। तेंदुई पंचायत के पूर्व उप मुखिया सुनील उरांव ने बताया कि बुधवार की देर शाम तक धान रोप रही थी। तभी भारी बारिश और तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई, जिसकी चपेट में आने से महिला निर्मला देवी घायल हो गई। चिकित्सकों ने इलाज के बाद हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया।**

## जेपीएससी में सफल अभ्यार्थियों को विधायक ने किया सम्मानित



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** नीलाम्बर-पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हॉउस में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण ने जेपएससी में सफल अभ्यर्थियों को शॉल, बुक्के, डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया। ओरिया ग्राम निवासी उज्जवल कुमार मेहता, कुंदरी ग्राम निवासी विशाल कुमार सिंह और तरहसी निवासी केशव को विधायक ने सम्मनित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, मंदीप मेहता, सुधा उरांव, अजय उरांव, मीडिया प्रभारी राकेश वर्मा, निर्मल मेहता, महेंद्र कुशवाहा, महेश यादव आदि मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षक और कर्मचारियों को आग से सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, सतर्कता और अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग की जानकारी दी गई। इसका संचालन हुसैनाबाद अग्निशमन विभाग केंद्र के अनुभवी अधिकारियों ने किया। अग्निशमन पदाधिकारी अशोक सिंह, प्रधान अग्निचालक मोहन चौधरी, संजय कुमार और विकास गुप्ता ने बच्चों को अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली, उपयोग की विधि और आग लगने की स्थिति में क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विभाग के कर्मियों ने अग्निशमन की प्रायोगिक प्रस्तुति भी दी, जिसमें उन्होंने आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करके दिखाया। बच्चों ने इस प्रस्तुति में रुचि दिखाई और अनेक सवाल भी पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरलता से दिया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने अग्निशमन विभाग का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मौके पर शिक्षक राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय, अरविंद यादव, रणजीत मिश्रा, छाया कुमारी आदि उपस्थित थे।**

## अंतरराज्यीय सूचना सहायता केंद्र के माध्यम से कांवरियों को सकुशल भेजा जा रहा घर


**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से आरएल सर्राफ स्कूल परिसर स्थित केंद्रीय खोया पाया केंद्र सह अंतरराज्यीय सूचना सहायता केंद्र के माध्यम से मेला में भूले-भटके एवं असहाय कांवरियों को फूडिंग एवं ट्रेवलिंग की सहायता दी जा रही है, ताकि यहां आगंतुक कांवरियों में से जो अपने परिजनों से बिछड़ जाते हैं, उन्हें इस शिविर के माध्यम से उनके घर भेजा जा सके। इसके तहत श्रावणी मेला में अभी तक कुल 349 कांवरियों को रेलपास देकर उनके घर रवाना किया गया है। सहायता शिविर की मदद से अभी तक भूल-भटके कांवरियों के बीच सहायता राशि के रूप में 12935 रुपए वितरीत किये जा चुके हैं।

# पलामू में फर्जी प्रमाण पत्र रैकेट का पर्दाफाश, एक आरोपी भी गिरफ्तार


## बड़ी संख्या में जाली डिग्री और मोहरें बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर कचहरी परिसर में बुधवार को जाली शैक्षणिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान परवेज इकबाल के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाने के गैरकानूनी धंधे में लिप्त था। जांच के दौरान आरोपी के पास से बड़ी संख्या में जाली प्रमाण पत्र, सरकारी मुहरें और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल जालसाजी में किया जा रहा था। सहायक नगर आयुक्त ने आरोपी को तुरंत शहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही और आशंका जताई जा रही है कि इस रैकेट से कई और लोग जुड़े हो सकते हैं, जो शिक्षा व्यवस्था और सरकारी भर्तियों को प्रभावित करने की साजिश में लिप्त रहे हैं।



## अनाधिकृत यात्रा करते आठ लोग गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में यात्री सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसमें रेल अधिनियम के तहत पैसेंजर ट्रेन में महिला, दिव्यांग कोच एवं एसएलआर में अनधिकृत यात्रा कर रहे आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें महिला बोगी से छह और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर डाल्टनगंज न्यायिक दंडाधिकारी को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुर्माना देने के बाद रिहा कर दिया है। बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में बेवजह विचरण करते पकड़ा जाएगा उनपर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक जेपी प्रसाद और कार्तिक बिंझा आदि शामिल थे।

## महिला जनप्रतिनिधियों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** सशक्त पंचायत नेत्री अभियान अंतर्गत मधुपुर प्रखंड सभागार में दूसरे बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य पंचायत स्तर की महिला जनप्रतिनिधियों को योजनाओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी देना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक सशक्त और प्रभावी भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मधुपुर प्रखंड के सभी निर्वाचित महिला वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण को तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक चरण में अलग-अलग विषयों को गहराई से समझाया जा सके। इसकी शुरूआत एसटीइएएल गतिविधि के माध्यम से की गई, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने आपसी परिचय और कार्यक्रम के उद्देश्यों को साझा किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित पूजा सिंह ने 'जेंडर' विषय पर विस्तार से जानकारी दी। यह भी बताया कि किस प्रकार जेंडर आधारित सोच महिलाओं की भूमिका को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से प्रभावित करती है। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज विशाल कुमार शरण, टीएमपी मुकेश आदि थे।

## अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट ने छठ तालाब की टूटी दीवार को बनवाने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला ने उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित को ज्ञापन देकर मांग की है कि सिसई रोड गुमला स्थित छठ तालाब की उत्तरी भाग में टूटी घेराबंदी को यथाशीघ्र दुरुस्त करायी जाये। सौंपे ज्ञापन में अंजुमन ट्रस्ट ने बताया कि नगर परिषद गुमला के द्वारा पूर्व में करायी गयी है परंतु असामाजिक तत्व एवं अपराधी प्रवृति के व्यक्तियों द्वारा रात के अंधेरे में कई गंभीर अपराध को अंजाम देने के लिए छठ तालाब के उत्तर पश्चिम कोण में चाहारदिवारी को तोड़ दिया गया है। पूर्व में एक व्यक्ति की हत्या के बाद शव भी छठ तालाब के अंदर के सीढ़ी में पाया जा चुका है। वर्तमान में छठ तालाब की घेराबंदी टूटने के बाद से गौसनगर गुमला के अलग-अलग मोहल्ले से आये हुए बच्चे अलग अलग दिनो में खेलने के लिए तालाब में गये थे जिस कारण अलग-अलग घटनाओं तिथियां में अब तक तीन बच्चों की तालाब में डूब कर मृत्यु हो चुकी है। अंतिम बार बीते 6 मई को नुसरत खातून का आठ वर्षीय पुत्र अल्तमश राय तालाब में बाउंड्री खुला रहने के कारण चला गया था जिसकी तालाब में डूबने से मौत हो गयी थी। इस तरह छठ तालाब में अलग-अलग घटनाओं में तीन बच्चों की डूब जाने से हो चुकी है। मृत्यु को लेकर अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला के द्वारा गुमला नगर परिषद के समक्ष अविलंब चाहार दीवारी को बंद किये जाने को लेकर आवेदन समर्पित किया गया है। नगर परिषद गुमला के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बहुत जल्द छठ तालाब के टूटे हुए बाउंड्री को बंद कर दिया जायेगा। परंतु अभी तक बाउंड्री को बंद नहीं किया गया है। अभी बरसात के दिनो में सूचना मिली है कि छठ तालाब के अगल-बगल मोहल्ले के बच्चे तालाब की ओर जा रहे है जिसे आशंका है कि छठ तालाब के टूटे हुए बाउंड्री से दोबारा बच्चे तालाब के अंदर घुसे तो फिर दुर्घटना हो सकती है। निवेदन किया गया कि नगर परिषद गुमला को बाउंड्री बंद करने के लिए त्वरित आदेश दिया जाये। इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के प्रवक्ता अधिवक्ता खुर्शीद आलम ने दी।

## उरइकोना में स्कूल बंद, बच्चों का भविष्य अंधेरे में



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के जारी प्रखंड स्थित उरइकोना गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बंद रहने से कोरवा जनजाति के बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता नजर आ रहा है। 29 जुलाई, 2025 को यह स्कूल बिना किसी अवकाश के बंद पाया गया, जबकि प्रखंड के अन्य सभी विद्यालय खुले हुए थे। उरइकोना, छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित एक सुदूर गांव है जहां मुख्य रूप से कोरवा जनजाति के लोग निवास करते हैं। इन बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित यह एकमात्र प्राथमिक विद्यालय है, जहां दो शिक्षक और एक रसोइया कार्यरत हैं। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक, न तो शिक्षक नियमित रूप से स्कूल आते हैं और न ही स्कूल समय पर खुलता है। यह गंभीर लापरवाही इन बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित कर रही है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग को इस मामले पर तत्काल ध्यान देने और आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि कोरवा जनजाति के इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## शिवमंदिर के गर्भगृह में मां पार्वती एवं नन्दी महाराज की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को थाना रोड शिव मंदिर के गर्भगृह में माँ पार्वती एवं नन्दी महाराज का नवीन मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति सिसई के अध्यक्ष तेजमोहन साहु, सचिव मुकेश श्रीवास्तव डेविड, कोषाध्यक्ष रोहित शर्मा, सह कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, मुकेश ताम्रकर, दिलीप गुप्ता सुधीर साहु के द्वारा आयोजित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आरम्भ हुआ जिसे आचार्य सूर्य नारायण पाठक जी के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण व विशेष पूजा अर्चना एवं हवन के साथ सम्पन्न कराया गया। यजमान में संदीप गुप्ता, सुनील लाल, नितेश साहु, सुधीर साहु, मन्नु गुप्ता सभी सपत्नीक मुख्य रूप से शामिल थे। बताते चलें कि बीते दिनों 17 जुलाई 2025 को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के द्वारा मंदिर के गर्भगृह में स्थापित माँ पार्वती की मूर्ति,शिव लिंग एवं नन्दी महाराज की मूर्ति को खण्डित कर दिया गया था। इसको लेकर समिति व हिन्दू समाज के सभी सनातनियों द्वारा विशेष बैठक कर नवीन मूर्ति स्थापना का निर्णय लिया गया था। वहीं रामजड़ी बम्हियारी कोलेबिरा से पधारे महिला पुरुष कीर्तन मंडली द्वारा मन्दिर प्रांगण में संध्या 7 बजे से मनमोहक कीर्तन की प्रस्तुति दी गई जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया एवं श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति के सदस्य ऋषि राज बिट्टू , पंकज साहु, दीपक गुप्ता, आशीष यादव, विपता गोप, शुभम गुप्ता, रंजन ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, विकास लाल, विश्वजीत चटर्जी, अनूप गुप्ता, बलम वर्मा ललन वर्मा, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह एवं समस्त हिन्दू समाज का विशेष योगदान रहा।

# बसिया में नाबालिग बनी मां, गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप


**रांची के सदर अस्पताल में 14 वर्षीय नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/ बसिया।** रांची के सदर अस्पताल में बसिया प्रखंड की एक 14 वर्षीय अविवाहित नाबालिग ने एक बच्चे को जन्म दिया।

प्रसव के बाद किशोरी ने गांव के एक लड़के द्वारा महीनों पहले किये गये दुष्कर्म का खुलासा लोअर बाजार थाना में दर्ज एक प्राथमिकी में किया। पीड़िता ने बताया कि स्कूल से लौटते समय युवक ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया और किसी को न बताने की धमकी दी थी।

नाबालिग का सुरक्षित प्रसव कराने के बाद सदर अस्पताल ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद रांची के लोअर बाजार थाने की पुलिस ने किशोरी के बयान पर दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कर मामला गुमला के बसिया थाने को सौंप दिया है।



### घरवालों को घटना के पांच महीने बाद मिली जानकारी

यूं तो घटना के बाद से ही पीड़िता कुछ खींची खींची रहने लगी थी मगर लगभग पांच महीने बाद पीड़िता के शरीर में हो रहे परिवर्तन ने परिजनों की परेशानी बढ़ा दी। घरवालों ने अस्पताल में उसकी जांच करवायी। इसके बाद पीड़िता ने घर वालों को घटना की पूरी जानकारी दी।

### लोकलाज के डर से घरवाले रह गये खामोश

जब चिकित्सकों ने गर्भपात करने के लिए समय निकल जाने की बात कही तो परिजनों के पैर के नीचे से जमीन खिसक गयी। घरवाले भी लोकलाज के डर से चुप रहे। पीड़िता के माता-पिता ने बताया कि डर और लोकलाज के कारण उन्होंने बच्ची के साथ दुष्कर्म की बात किसी को नहीं बतायी डाक्टरों ने बताया कि नाबालिग ने पूरे नौ माह के बाद बच्चे को जन्म दिया है।

**गांव के एक लड़के पर लगा दुष्कर्म का आरोप :** पीड़िता ने पुलिस के समक्ष यह बयान दिया है कि गांव में स्कूल से लौटते वक्त एक युवक उसे सुनसान स्थान पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वहीं किसी को मामले की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। उस समय डर के मारे उसने अपने परिजनों को भी घटना के बारे में कुछ नहीं बताया।

### कांग्रेस नेत्री ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग

आदिवासी सेवा की केंद्रीय महिला अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव कुमुदिनी प्रभावती ने कहां कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है और वह अस्पताल जाकर किशोरी और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगी। उन्होंने पीड़िता को हर संभव मदद करने की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है' आगे कहा कि वैसे सभी आरोपियों पर कार्यवाई होनी चाहिए जो महिला सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं ।

# रुद्रपुर में युवक ने पिता को टांगी से काटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी/ गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है, जहां एक पुत्र ने टांगी से वार कर अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान 60 वर्षीय गुरुवा मुंडा के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पुत्र का नाम सुमन मुंडा (28 वर्ष) बताया गया है। घटना मंगलवार रात की है। मृतक की पत्नी सिल्मइट मुंडाई ने बताया कि गुरुवा मुंडा रात में पेशाब करने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान उनका पुत्र सुमन मुंडा टांगी लेकर आया और अचानक उन पर हमला कर दिया। पति की चीख-पुकार सुनकर पत्नी दौड़ी और बचाने की कोशिश की, लेकिन उस पर भी वार किया गया। वह किसी तरह जान बचाकर चिल्लाने लगी, जिसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी फरार हो चुका था। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल गुरुवा मुंडा को जशपुर (छत्तीसगढ़) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार एवं एसआई रमेश महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक कागजी कार्रवाई के बाद सुमन मुंडा को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# डीडीसी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

आजद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने आदर पंचायत अंतर्गत विद्याल, आंगनबाड़ी, आयुष आरोग्य केंद्र, राशन दुकान सहित पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में सबसे पहले राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटकारी में बच्चों के लिए बना रहे भोजन की गुणवत्ता को देखिए और खाना बनाने में पानी की उपलब्धता नहीं होने एवं दूर से पानी लाकर खाना बनाने समस्या से अवगत हुए। वही जल्द समस्या को दूर कराने का आश्वासन दिया। वर्ग 6 के बच्चों को गणित में गुना संबंधित बोर्ड में सवाल किए। जिन्हें बच्चों ने बखूबी बनाया। कंप्यूटर क्लास कर रहे बच्चों से माउस एवं कंप्यूटर पैड की जानकारी ली। इसके बाद इटकीरी आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों से ए टू जेड तक बोलने को कहा। जिस पर बच्चा मनीष कुमार ने ए टू जेड तक सुनाया। आंगनबाड़ी सेविका ने शौचालय निर्माण हेतु आग्रह किया।जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हेठ आदर, एसपीजी चमेली समूह का निरीक्षण किया। स्टॉक एवं निर्गत पंजी संधारण करने हेतु निर्देश दिया। इसके बाद आम बागवानी को देखा। साथ ही आयुष आरोग्य केंद्र आदर में दवा की उपलब्धता की जांच की। एएनएम द्वारा भवन के छत से पानी रिसाव की बात बताई गई और मरम्मती का आग्रह किया गया। ललमुनिया देवी जिन्हें अबुआ आवास मिला है। उनके खाते में 5 माह पूर्व राशि निर्गत हो गई है। परंतु उनके द्वारा निर्माण कार्य नहीं किए जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा राशि वापस करने की बात कही गई। जिस पर लाभुक के द्वारा निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर शुरू करने की बात कही गई। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सुरहु में सुशांति देवी, पति मोहनलाल साहू और उसकी बेटी के साथ मारपीट करने के आरोप मे कामडारा पुलिस ने बुधवार को दो आरोपी शिबू साहु और देवचंद साहु को गिरफ्तार कर भेजा गुमला जेल। थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले कामडारा थाना क्षेत्र के गांव सुरहु मे सुशांति देवी के धान के खेत पर दुसरे पक्ष के लोग मवेशी घुसाकर चरा रहे थे। जिसे देख सुशांति देवी ने विरोध किया।इस पर आरोपियों ने उसे डायन बोलकर उसे और उसके पति व बेटियों के साथ मारपीट किया था। वहीं कामडारा थाना मे कांड संख्या 43/25 के तहत मामल दर्ज करने के उपरांत दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## एक शिक्षक और दो पारा शिक्षकों के भरोसे ढाई सौ बच्चों का भविष्य



**सिसई (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता मो उमर फारूक अंसारी अपनी टीम के साथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करकरी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि स्कूल में लगभग ढाई सौ बच्चे पढ़ाई करते हैं और उसमे मात्र एक सरकारी टीचर है और दो पारा टीचर है। जबकि मात्र चार कमरों में कक्षा 1 से 8 तक कक्षा संचालित है। ढाई सौ बच्चे बिना चार दिवारी वाले स्कूल में पढ़ने को विवश हैं। अब इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये बच्चे कितने सुरक्षित हैं। इस विद्यालय की व्यवस्था इतनी अस्त व्यस्त है कि विद्यालय संचालन के लिए एक अदद ऑफिस भी नहीं है। स्कूल में न तो जल मीनार है और न ही शौचालय की व्यवस्था। इस स्कूल में कोई बुनियादी सुविधा नहीं है, इस विद्यालय को विशेष तौर पर स्कूल भवन की अति आवश्यकता है। इस मामले में उमर फारूक अंसारी ने स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद सऊद अंसारी को आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक दोनों से वे बात करके इस स्कूल की सभी परेशानियों का निराकरण करेंगे। मौके पर रसीद अंसारी, मुमताज अंसारी, आफताब अंसारी, दानिश मंजर इत्यादि मौजूद थे।

# गुमला में धर्म परिवर्तन करा रहे तीन लोगों को बजरंग दल ने चेतावनी देकर छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर में तीन लोगों के द्वारा घूम घूम कर हिंदुओं को धर्म परिवर्तन कराने के लिए बाइबल और ईसाई धर्म के बारे में बता रहे दो लड़कियां व एक लड़के को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की अपराह्न 4 बजे लोहरदगा रोड में पकड़ लिया। उनसे पूछताछ की गई उन लोगों ने बताया कि वे लोग रांची से गुमला आए हैं और उन्हें उनके संगठन द्वारा लोगों को बाइबल और ईसाई धर्म के बारे में लोगों को बताने के लिए कहा गया है। शहर के दुन्दरिया स्थित सब्जी मार्केट के पास सब्जी खरीद रही दो हिंदू लड़कियों को इन लोगों के द्वारा बाईबल और ईसाई धर्म के बारे में बताया जा रहा था साथ ही उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था दोनों हिंदू युवती इस बात की जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ता लोहरदगा रोड स्थित डाकघर के समीप तीनों को पकड़ लिये। इसके बाद उनसे पूछताछ की गयी। तीनों ने अपना नाम क्रमश आदित्य खलखो, मेरी खलखो और आकांक्षा खलखो और पता रांची बताया। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें दोबारा ऐसी नहीं गलती करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## सदर अस्पताल में मरीज का मोबाइल चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल में इलाजरत एक मरीज का मोबाइल चोरी हो गया। चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। बीते मंगलवार को पोढ़ा जाने के क्रम में ऑटो और बाइक की टक्कर में पोढ़ा सिसई निवासी सुभाष उरांव घायल हो गया था।

## उपभोक्ता फोरम में बीमा कंपनी की आपत्ति खारिज शिकायतकर्ता को 3.2 लाख देने का आदेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला उपभोक्ता फोरम ने शिकायतकताओं के मामलों की सुनवाई त्वरित गति से किये जाने के कारण उपभोक्ताओं को जिला फोरम के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण मामले जिला उपभोक्ता फोरम में रजिस्टर होने लगे हैं। और इसका लाभ भी उपभोक्ताओं को मिलने लगा है। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय सदस्य सैय्यद अली हसन फातमी और सरला गंझू ने बुधवार की अपराह्न 4 बजे एक और मामले का निष्पादन किया। जिसमें बजाज एलियांज जेनरल बीमा कंपनी रांची के विरूद्ध सेवा में त्रुटि पाने के कारण उपभोक्ता राजेश कुमार अग्रवाल को 3 लाख 2 हजार 247 रूपए का भुगतान 45 दिनों के अंदर करने का आदेश पारित किया है। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता राजेश कुमार अग्रवाल अपने पिकअप वाहन को रिलायंस कंपनी से बीमा करवाया था। जो बसिया से गुमला आने के क्रम में दिनांक 8 मई 2016 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

**JharkhandBijliVitranNigamLimited**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office: EngineeringBuilding,H.E.C.,Dhurwa,Ranchi-834004,
Telephone: -0651-2400799 & Fax: 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

**1st Extension Notice**

| Sl. No. | Tender Notice No. and Description of Item | Last bid uploading/ submissio end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|
| 1 | NIT No. 107/PR/JBVNL/2025-26 "Support in System Readiness activities and smooth functioning of Unified Billing System (UBS) with multiple Advanced Metering (AMI) / Smart Metering Infrastructure / Information Communication Technology (ICT) projects in JBVNL" | Last Date / Time for receipt of bids (online): 11.08.2025 up to 1500 hrs<br>Last Date / Time for receipt of offline documents in office of GM(Coml.): 11.08.2025 at 1200 hrs | 12.08.2025 at 1500 hrs |

Note:
Further details can be seen on website: http://www.jharkhandtenders.gov.in&http://www.jbvnl.co.in. NIC Helpline No.: 0651-2400178

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager(Comml)

PR No. 357601

PR 358597 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

## स्पोर्ट्स



**वर्ल्ड चैंपियनशिप लीग की स्पॉन्सर कंपनी भी मैच से हटी। इजमाइ ट्रिप के को-फाउंडर ने एक्स पोस्ट में लिखा था- 'आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।**

# पाकिस्तान से वेटरन लीग सेमीफाइनल नहीं खेलेगा भारत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स की वर्ल्ड चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीएल) में भारत ने पाकिस्तान से होने वाले सेमीफाइनल मैच में खेलने से मना कर दिया है। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इंडियन प्लेयर्स ने दूसरी बार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना किया है। इससे पहले 20 जुलाई को भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद इस मैच को रद्द कर दिया गया था। इससे पहले बुधवार को ही लीग की स्पॉन्सर कंपनी ने सेमीफाइनल से हटने का ऐलान किया था। स्पॉन्सर कंपनी के इजमाइ ट्रिप के को-फाउंडर ने एक्स पोस्ट में लिखा था- 'आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।'

इजमाइ ट्रिप के को-फाउंडर ने एक्स पर लिखा- 'हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में टीम इंडिया के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। आपने पूरे देश का गौरवान्वित किया। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है, आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। इजमाइ ट्रिप भारत के साथ खड़ा है।

हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। उन्होंने आगे कहा, कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।',

**एक दिन पहले ओवैसी ने सदन में उठाया था मामला?**

एक दिन पहले एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार 29 जुलाई को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर की विशेष चर्चा के दौरान एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से मैच खेलने पर सवाल उठाया था। ओवैसी ने सरकार से पूछा था-

क्या आपकी अंतरात्मा आपको अनुमति देती है कि आप पहलगाम में मारे गए परिवार वालों को कहें कि अब भारतझपाक मैच देखिए। हमने पाकिस्तान की पानी की आपूर्ति 80% तक रोक दी। खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, फिर आप कैसे क्रिकेट मैच की अनुमति कैसे दे सकते हैं।

**एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध हो रहा**

26 जुलाई को एशिया कप 2025 शेड्यूल के जारी होने के बाद से ही भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध और विवाद हो रहा है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में के बाद से ही लोग कह रहे हैं कि जिस देश से आतंकवाद आता है, उससे खेलना नहीं चाहिए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 12/2025-26**

पत्रांकः–689 दिनांक :– 30.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 07.08.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 08.08.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.08.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01, चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Public toilet, Construction of Vehicle shed at S.D.O office, Chatra. Chatra . | 8,14,150.00 | 16500.00 | 1250.00 | 01 Months |

नोटः– 1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
1. बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 358595 Building(25-26)#D

# कोयला लोडिंग की मनमानी से झरिया विधायक नाराज



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के पुटकी गोपालिकचक स्थित पीबी एरिया में संचालित सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग में कोयला लोडिंग को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। कोयला डीओ धारकों द्वारा कोयले में मिलावट और भेदभाव की शिकायतों के बीच झरिया विधायक रागिनी सिंह बुधवार को खुद मौके पर पहुंच गयीं। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद पीबी एरिया के महाप्रबंधक से इस बाबत बात की और आउटसोर्सिंग कंपनी एवं अधिकारियों की मिली भगत पर नाराजगी जताई। कार्य स्थल का निरीक्षण कर इसे सुधारे जाने का निर्देश दिया। वहीं, मौके से कोल इंडिया के चेयरमैन सहित बीसीसीएल सीएमडी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी देते हुए जल्द कार्रवाई नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी भी दी। उधर, स्थानीय डीओ धारकों और ग्रामीणों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी कोयले में पत्थर मिलाकर आपूर्ति कर रही है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। बताया गया कि कई ट्रकों को 15-15 दिन तक खड़ा रखा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर मनचाहे डीओ धारकों को बेहतर गुणवत्ता का कोयला दिया जा रहा है। इस पर रागिनी सिंह ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग कंपनी पूरी तरह मनमानी कर रही है। इसमें बीसीसीएल के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत भी है।

## देसी कट्टा-कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सिटी थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर तीन में गुटबाजी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापामारी कर तीन युवकों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी हरविंदर सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर 3 से मनू राय उर्फ मनू भूमिहार और हर्षित कुमार को हिरासत में लिया। इन दोनों को थाना लाने के दौरान, बाइक से आए एक अन्य सहयोगी को भी मुंशी विजय कुमार ने दौड़कर पकड़ लिया। उसकी पहचान मुकुल ठाकुर के रूप में हुई है। मुकुल के पास से एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और एक धारदार भुजाली बरामद की गई है। साथ ही, उसकी बुलेट को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि मनू राय के खिलाफ बीएस सिटी थाना में पहले से तीन अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि तीनों युवक सेक्टर तीन इलाके में गुटबाजी को लेकर किसी विरोधी गुट के साथ मारपीट की योजना बना रहे थे।

## शिकायत पाकर बोकारो डीसी ने खुंटरी पॉलिटेकनिक कॉलेज का किया निरीक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों सोशल मीडिया के माध्यम से खुंटरी-जरीडीह पॉलिटेकनिक कॉलेज के छात्रावास में पेयजल संकट, शौचालय की खराब स्थिति एवं अन्य सुविधाओं की कमी की शिकायत मिली थी। इसी आलोक में बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने बुधवार को टीम के साथ कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज के शैक्षणिक माहौल, छात्रावास व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। जीसी ने कॉलेज स्थित सभागार में बैठक भी की। मौके पर उपस्थित कॉलेज प्राचार्य मनोज कुमार माहतो एवं अन्य को छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं से कोई समझौता नहीं करने की बात कही। उन्होंने सभी आवश्यक संसाधन एवं सुविधा अविलंब उपलब्ध कराने के दिशा में अविलंब कार्य करने को कहा। डीसी ने कॉलेज परिसर, क्लास रूम, छात्रावास, शौचालय, खेल मैदान और अन्य हिस्सों की स्थिति को देख स्वच्छता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। परिसर में झाड़ियां, कूड़ा-कचरा एवं शौचालयों की दुर्व्यवस्था को देख नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिनों में समुचित सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही, नियमित साफ-सफाई का स्थायी तंत्र विकसित करने को कहा। डीसी ने बीडीओ सीमा कुमारी और सीओ जरीडीह प्रणव ऋतुराज को निर्देश दिया कि वह पिछले तीन वर्षों में कॉलेज को प्राप्त सरकारी आवंटन एवं खर्च का विस्तृत रिपोर्ट कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से तैयार करें, उसकी समीक्षा करें। किस मद में कितनी राशि और कहा खर्च हुई है, कितनी राशि सरेंडर हुई है आदि। साथ ही, वर्तमान जरूरतों का आंकलन कर एक समेकित रिपोर्ट एक सप्ताह में जिला को समर्पित करें। बैठक के क्रम में डीसी ने कॉलेज के छात्रों के समग्र विकास के लिए उपस्थित सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद को निर्देशित किया कि वह कॉलेज में एक नियमित चिकित्सक की व्यवस्था करें। सभी छात्रों का हेल्थ कार्ड बनाएं। नामांकन के बाद ही इसे सुनिश्चित करें। एक मेडिकल रूम तैयार करें, जहां आवश्यकतानुरूप छात्र कॉलेज के लेक्चरर/समस्त कर्मी उपचार की सुविधा प्राप्त करेंगे। इसके अलावा, पेयजल समस्या को अविलंब दूर करने, एक विशेष वाई-फाई युक्त स्टडी रूम की स्थापना करने, पुस्तकालय का संचालन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक सुनिश्चित करने, कक्षा-परिसर- छात्रावास आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, एक माह का बैकअप क्षमता रखने, छात्र-छात्राओं के छात्रावास में वार्डन की नियुक्ति करने, दिवा-रात्रि 06-06 होमगार्डों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया। उन्होंने कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। छात्राओं ने पेयजल, सफाई, इंटरनेट सुविधा, पुस्तकालय, खेल सामग्री की अनुपलब्धता जैसी कई मुद्दों को सामने रखा। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक बिंदु पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिया और आश्वस्त किया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता राम प्रवेश राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमृत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला नियोजन पदाधिकारी बम बैजु, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## आस्था ज्वेलर्स लूट कांड : अब तक नौ आरोपी गिरफ्तार

# बिहार से दो और गिरफ्तार लाखों के जेवरात बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में विगत 23 जून को 1.50 करोड़ रुपए के गहनों की हुई लूट के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर गठित एसआइटी टीम ने कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को बिहार के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया है। उनके ठिकाने से लूट के जेवरात भी बरामद कर लिये हैं। इस तरह लूटकांड में अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बाबत एसपी ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि एसआइटी टीम ने मंगलवार को वैशाली जिले के नगर थाना



ज्वेलरी दुकान में लूटकांड में पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते एसपी एवं अन्य।

क्षेत्र से रोनित राय और सीतामढ़ी के पुपरी थाना क्षेत्र से नवीन कुमार को गिरफ्तार किया। नवीन कुमार के किराये के मकान से पुलिस ने लूट के आभूषण भी बरामद किए हैं। जिनमें सोने जैसे दिखने वाले हार (तीन पीस), कंगन (पांच पीस), मंगलसूत्र (चार पीस), महिला अंगूठी (पां पीस), कान की बाली (25 जोड़ी), चांदी की बिछिया (19 पीस) और चांदी की तार (25 ग्राम) शामिल हैं। छापेमारी टीम में पुअनि प्रकाश यादव, पुअनि रंजीत प्रसाद यादव, पुअनि धीरज कुमार, सअनि प्रभात किरण कोकिल सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस ने पकड़े गये दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, एसपी ने एसटीएफ की सराहना करते हुए कहा कि इस लूट कांड मामले में कुछ और गिरफ्तारियां संभव है। फरार अपराधियों की तलाश में अभियान तेज कर दिया गया है। साथ ही, बिहार-झारखंड के आपराधिक नेटवर्क की भी जांच हो रही है। बतातें चलें कि उक्त लूटकांड में पहले ही सात आरोपितों रोशन सिंह, राहुल पटेल उर्फ डायमंड, नीतेश कुमार, प्रिंस कुमार सुमन, आदित्य राज और मुसाफिर हवारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका हैं। इनसे लूट के सोने के जेवर, नगद राशि, कार और चोरी की बाइक भी बरामद हुई थी।

## आइआइटी-आइएसएम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी आदित्य रंजन ने बुधवार को आइआइटी आइएसएम पहुंचकर मुख्य समारोह स्थल पर चल रही अंतिम चरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। एक अगस्त को आइआइटी आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनके साथ झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आदि भी अतिथि उपस्थित रहेंगे। उधर, निरीक्षण के क्रम में डीसी एन्वं अन्य एसएससपी ने आईआईटी आईएसएम के लोअर ग्राउंड स्थित मुख्य समारोह स्थल पर एग्जिबिशन एरिया, फोटोशूट गैलरी, डी एरिया, ग्रीन रूम, स्टेज,



सेफ हाउस, मीडिया गैलरी, माननीय राष्ट्रपति के प्रवेश-निकास द्वार, राष्ट्रपति के वाहन के लिए निर्धारित पार्किंग सहित अंतिम चरण की अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके बाद डीसी ने राष्ट्रपति के स्वागत के लिए तैयार प्रेसिडेंट सुइट, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों के लिए तैयार किए गए आवासन, ग्रीन रूम, कार्यक्रम स्थल तक निर्धारित मार्ग, कार्यक्रम स्थल का प्रवेश एवं निकास द्वार का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## लड़का पक्ष पर लड़की के भाई को वाहन से धक्का मारने का आरोप

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह 12 नंबर निवासी समीम अंसारी ने अपने दामाद पक्ष पर परिवारिक विवाद में मंगलवार की रात को वाहन से उसके बेटे शाहबाज अंसारी को धक्का मारकर हत्या करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उक्त हादसे में शाहबाद को काफी चोट आयी है। उसे गंभीर हालत में पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में बर्ती कराया गया है। इस बाबत थाने में शिकायत भी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। उदर, घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी उदय गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में प्रतियुक्त वाहन को जब्त कर एक आरोपी मो हैदर को रात में ही गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। उधर, घायल शाहबाज के पिता शमीम ने बताया कि बेटी का निहाक 2021 में गोविंदपुर निवासी मनुवर अंसारी से की थी। विवाद के बाद बेटी मायके में रहने लगी। विवाद सुलझाने को मंगलवार की रात बैठक हुई, जहां जान से मारने की धमकी दी थी।

## झामुमो धनबाद जिला का मिलन समारोह संपन्न

# झामुमो की पंचायत, वार्ड और बूथ समितियों को और मजबूत बनायें : मथुरा प्रसाद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो धनबाद जिला का कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह बुधवार को बारामुड़ी स्थित द वेडिंग वेल्स होटल एंड रिसोर्ट में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन और संचालन जिला सचिव मन्नू आलम ने की। इस मौके पर सत्तारूढ़ झामुमो के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित रहे। इनके अलावा झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य, जिला समिति और महानगर समिति के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न वर्ग संगठन के पदाधिकारी एवं प्रखंड समिति के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को पारंपरिक गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि मिलकर संगठन को और मजबूत बनाएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनता तक पहुंचाएं। वहीं, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि




संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई पंचायत, वार्ड और बूथ समितियां हैं। इन्हें सशक्त बनाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम संगठन ही है। मैं हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ हूं। जहां भी मेरी जरूरत होगी, उपस्थित रहूंगा। इस दौरान केंद्रीय सदस्य सह केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा ने कहा कि आप सभी को संगठन में जो दायित्व मिला है, वह केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। अब हमारा लक्ष्य कि धनबाद जिले में संगठन को और सशक्त बनाना है। जनता की आवाज बनें और सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं। जिला सचिव मन्नू आलम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी मंच-मोर्चा के पदाधिकारी जल्द से जल्द अपनी समितियों का पूर्ण गठन करें। संगठन की धार आपके सामूहिक प्रयास और एकजुटता से और पैनी होगी। किसी भी कार्यकर्ता को दुविधा या समस्या हो, तो जिला अध्यक्ष या मुझसे 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, काजि सिराज अहमद, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, कालीचरण महतो, अजय रवानी, अकबर अंसारी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, गुलाम कुरैशी, संगठन सचिव मनोज रवानी, मनोज महतो, सह सचिव रंजीत महतो, महेश मुर्मू, श्रवण टुडू, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू आदि मौजूद थे।

# नर्स से दुष्कर्म का आरोपी डॉक्टर 10 दिनों से फरार

**मां अंबे नर्सिंग एवं प्रसूति केंद्र के मालिक चंदन राणा पर लगा है दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापामारी जारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिरनी।** बरमसिया राजधनवार मुख्यमार्ग स्थित मां अंबे नर्सिंग एवं प्रसूति केंद्र के मालिक चंदन राणा पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। वह पिछले 10 दिनों से फरार चल रहे हैं। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक उक्त नर्सिंग होम में काम कर रही एक नर्स के साथ डॉक्टर ने कथित रूप से बहला-फुसलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। जब नर्स ने इसकी जानकारी सभी को देने की बात कही, तो आरोपी डॉक्टर चंदन राणा फरार हो गया। इस बाबत नर्स ने बिरनी थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। उधर, मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। लोगों का कहना है कि यदि डॉक्टर ही दुष्कर्म निकले तो अभिभावकों में डर स्वाभाविक है। प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद है। उधर, कुछ स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि आरोपी डॉक्टर की तलाश नहीं कर पाना, पुलिस-प्रशासन की विफलता है। घटना को करीब 10 दिन बीत गए, लेकिन दुष्कर्मी डॉक्टर का अबतक कोई सुराख नहीं मिल पाया है। दूसरी ओर, घटना की सच्चाई के लिए डॉक्टर चंदन राणा से संपर्क करने की कोशिश की गयी, तो उनका फोन बंद मिला। वहीं, अस्पताल में भी कोई नर्स या अन्य डॉक्टर नहीं मिले। इस संदर्भ में बिरनी प्रमुख रामू बैठा ने कहा कि आवेदन के आधार पर प्रशासन मामले की जांच करें। आरोप अगर सच हो तो प्रसाशन से अपील है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उधर, बिरनी थाना प्रभारी आकाश भरद्वाज ने कहा कि आवेदन के आधार पर कांड संख्या 191/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। आरोप की तलाश की जा रही है।

## इलाज के दौरान सीसीएल कर्मी का हुआ निधन

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)। कथारा कोलियरी के केटगरी वन के पद पर कार्यरत बंशी कमार का सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक बंशी के बड़े पुत्र प्रह्लाद करमाली ने बताया कि पिता बंशी की तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए कथारा अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां निधन हो गया। अस्पताल पहुंचे श्रमिक नेता प्रमोद कुमार सिंह, मो इस्लाम, पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद आदि ने शोक जताया है।**

## कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेंटीकॉस्टल असेम्बली स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उक्त प्रतियोगिता नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें बच्चों ने रोचक, नैतिक शिक्षा, हास्यास्पद एवं प्रेरणादायक कहानियां प्रस्तुत कीं। जिसमें दि मैजिक पेंट ब्रश, किंग कोआला'स लॉस्ट लीफ, दि फिशरमैन एंड हिज वाइफ, रेनबो फिश, दि लिटिल इंजन, दि लिटिल रेड हेन आदि कहानियां शामिल थीं। छात्रों ने अपनी-अपनी कहानियों को रोचक बनाते हुए कठपुतलियों के माध्यम से प्रभावी प्रदर्शन दिखाएं। निर्णायक मंडली के सदस्यों रीना चटर्जी, सुनैना राज के साथ ही अभिभावकों ने भी प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय चतरा**
**(जिला योजना)**
**(E.mail: dpochatra@yahoo.com)**

**–: आदेश :–**

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt of India के Circular on Key Initiative under Aspirational Blocks Programme के तहत दिनांक 25.08.2023 मे निहित शर्तो के अनुरूप तथा नीति आयोग भारत सरकार के कार्यालय पत्रांक A/8/2023-Administration(part1) दिनांक 06.02.2025 के द्वारा चतरा जिला में आकांक्षी प्रखण्ड (मयुरहण्ड) कार्यक्रम हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन विहित प्रपत्र में निम्न रूपेण आमंत्रित किया जाता है:–

| No. of Post | Age | Educational Qualification |
|---|---|---|
| 01 | 18-40 Years as per 01-08-2025 | 1) Post Graduate in any discipline from a reputed institution (Preferably from Central or State government universities).<br>2) Should possess excellent Data analysis and Presentation skills.<br>3) Should be conversant with use of Social Media.<br>4) Should possess Project Management Skills.<br>5)Experience of working with Government, NGOs, Development Organization.<br>6) Self-driven with good Communication and Coordination skills.<br>7) Proficient with English, Hindi and the local language of the respective Aspirational Block will be added advantage for Aspirational Blocks Fellow.<br>8) Passionate to work with the community in the rural areas.<br>9) Must be proficient in basic computer knowledge<br>Note: Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the Rural development, Social Science, Development studies, Public Policy orany related field. |

**Role of Aspirational Blocks Fellow :**

**The Aspirational Blocks Fellows will be positioned as a critical between the Block level Officials and NITI Aayog. Their primary responsibilities will include:**

1) Collaborating with block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematic areas.
2) Conducting regular field visits to assess project implementation, address challenges and collect ground level insights.
3) Analyzing data and providing evidence recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives.
4) Organizing workshop, awareness campaigns and skill-building programs to empower the local community.
5) Keeping states and NITI abreast with the issues, challenges and need for support.

**Benefits and Impact :**

**The Deployment of Aspirational Blocks Fellows is expected to yield multiple benefits:**

1) Strengthening governance and administrative capabilities at the Block level.
2) Enhancing the efficiency and effectiveness of development projects.
3) Enabling knowledge transfer and cross-learning between the fellows, officials and local communities.
4) Contributing to data-driven policy formulation and evidence-based decision-making.
5) Building a talent pipeline of future leaders committed to social impact and community development.

**Tenure of AB Fellows**

The tenure of Aspirational Blocks Fellows will initially span one year, during which they will actively engage with Block level Officials to drive developmental initiatives and empower local communities. Recognizing the potential for sustained impact, the program allows for a one-year extension of the fellowship, contingent upon the fellow's satisfactory and demonstrated contributions to the program's objectives, as determined by the State Governments.

**Compensation :**

The Compensation package for Aspirational Blocks Fellows has been thoughtfully designed to attract bright and passionate individuals committed to driving transformative change at the grassroots level. Each fellow will receive a monthly stipend of Rs. 55,000/- as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspirational Blocks Program.

This compensation is aimed at providing a reasonable financial system, acknowledging the significance of their role in accelerating development across the identified blocks. This compensation package also includes provisions for travel allowances to a maximum of Rupees five thousand per month and other necessary support to ensure that the fellows can effectively immerse themselves in their assigned Blocks and focuses on fostering change and progress in Blocks. By offering a competitive compensation package, the program seeks to attract top talent and empower Aspirational Blocks Fellows to make meaningful impact in the Blocks they would serve.

**नियम व शर्तें**:–

1. उक्त विज्ञापन को स्थगित/रद्द करने एवं शर्तो में परिर्वतन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होंगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नही दी जा सकती है।
2. यह प्रक्रिया पूर्णतः स्वनियोजन के आधार पर क्रियान्वित होगा।
3. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नही है।
4. उक्त पद अनारक्षित रहेंगे।

**आवेदन की प्रक्रिया** :–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.08.2025 को पूर्वाह्न/अपराह्न 5:00 बजे तक है। उक्त के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।
2. Detailed Resume, Cover Letter with three references, Two work sample (1 Presentation,1 report) to be sent by Registered Post to District Planning officer, Planning office, Vikash Bhawan Chatra. Pin Code-825401
3. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस को आवेदन पत्र हाथों हाथ, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401 के पते पर समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम यथा Online, Mail, आदि से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा।

**चयन की प्रक्रियाः**–

1. साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थी का अंतिम चयन किया जायेगा।

नोटः–उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के **Website- chatra.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
चतरा।

PR.NO.358578 Planning and Development(25-26):D

# रूस में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप 8.8 तीव्रता, 5 मीटर ऊंची सुनामी उठी

## अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक लहरें पहुंचीं

एजेंसी

**टोक्यो।** रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया।

रॉयटर्स के मुताबिक कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आ गयी है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था।

कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि आज का



भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा है।

जापान के एनएचके टेलीविजन के मुताबिक, देश के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं। जापान ने राजधानी टोक्यो में 20 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा है। इसके अलावा अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है। अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंच गयी हैं।

**पूरे प्रशांत महासागर में सुनामी का खतरा फैला :** जापान के उत्तरी तट पर 40 सेंटीमीटर ऊंची लहरें आ चुकी हैं। टोक्यो में करीब 20 लाख लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया गया है। जापान ने कहा है कि सुनामी की लहरें एक से ज्यादा दिन तक आ सकती हैं। अमेरिका के अलास्का-हवाई में सुनामी की पहली लहर टकराई। कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने के लिए कहा गया है। चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी कर दिये हैं।

# ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का एलान किया, 1 अगस्त से लागू

- ट्रंप ने कहा- भारत रूस से हथियार-तेल खरीद रहा, इसलिए जुर्माना भी वसूलेंगे



एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से भारत पर टैरिफ लगाने की बात कही है। उन्होंने 24 घंटे में दूसरी बार भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत, अमेरिका का दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में हमने उसके साथ कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

ट्रंप ने कहा- भारत की कई नीतियां ऐसी हैं जो अमेरिकी कंपनियों को व्यापार करने में मुश्किलें पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से खरीदता है। इतना ही नहीं, चीन के साथ मिलकर भारत, रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस भी खरीदता है, जबकि पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हिंसा रोके। इन सब वजहों से अब अमेरिका ने फैसला किया है कि भारत से आने वाले सामानों पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगायेगा। इसके अलावा पेनल्टी भी लगाई जायेगी।




# लद्दाख में सेना की गाड़ी पर चट्टान गिरी लेफ्टिनेंट कर्नल और जवान की मौत



लद्दाख (आजाद सिपाही)। लेह में सेना की एक गाड़ी पर चट्टान गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि मेजर रैंक के दो अधिकारी और एक कैप्टन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए लेह के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। घायलों की पहचान मेजर मयंक शुभम, मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव के रूप में हुई है।




# इसरो-नासा का सबसे महंगा और ताकतवर सैटेलाइट 'निसार' लांच

- घने जंगल और अंधेरे में देखने की क्षमता; 97 मिनट में धरती का चक्कर पूरा करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीहरिकोटा।** अब तक के सबसे महंगे और सबसे पावरफुल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट निसार को आज यानी, बुधवार 30 जुलाई को लॉन्च किया गया। इस मिशन पर 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसे नासा और इसरो ने मिलकर बनाया है। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5:40 बजे जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। ये रॉकेट निसार को 743 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूरज के साथ तालमेल वाली सन-सिंक्रोनस कक्षा में स्थापित किया। इसमें करीब 18 मिनट लगे।

निसार 747 किमी की ऊंचाई पर पोलर ऑर्बिट में चक्कर लगायेगा। पोलर ऑर्बिट एक ऐसी कक्षा है, जिसमें सैटेलाइट धरती के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है। इस मिशन की अवधि 5 साल है। ये सैटेलाइट 97 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगा लेगा। 12 दिनों में 1,173 चक्कर लगाकर यह पृथ्वी की लगभग हर इंच जमीन को मैप कर लेगा। इसके पास बादलों, घने जंगल, धुएं और यहां तक कि अंधेरे में भी देखने की क्षमता है। यह धरती की सतह पर बहुत छोटे बदलावों को भी देख सकता है। निसार मिशन का मुख्य मकसद है धरती और उसके पर्यावरण को करीब से समझना।

### ये सैटेलाइट खास तौर पर तीन चीजों पर नजर रखेगा

**जमीन और बर्फ के बदलाव:** ये देखेगा कि धरती की सतह या ग्लेशियर्स में कितना बदलाव हो रहा है। जैसे जमीन का धंसना या बर्फ का पिघलना।

**जमीन के पारिस्थितिक तंत्र:** जंगलों, खेतों और दूसरी प्राकृतिक जगहों की स्थिति को मॉनिटर करेगा, ताकि ये समझा जा सके कि पर्यावरण कैसा है।

**समुद्री क्षेत्र:** समुद्र की लहरों, उनके बदलावों और समुद्री पर्यावरण को ट्रैक करेगा। इन जानकारियों से वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरण को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। मिशन का ओपन-सोर्स डेटा सभी के लिए मुफ्त में उपलब्ध होगा।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त 2 को जारी होगी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त 2 अगस्त को जारी की जायेगी। इस संबंध में बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।







# पुंछ में दो आतंकी ढेर

**हथियार और गोला-बारूद बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। अधिकारियों के मुताबिक, बॉर्डर पर तैनात जवानों ने मंगलवार देर रात देगवार सेक्टर के मालदीवलन इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। इस ऑपरेशन को शिवशक्ति नाम दिया गया। आतंकियों के पास से 3 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पिछले तीन दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**